जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 163, पृष्ठ 8, मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 09 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ड्रैगन की गलवान दोहराने की साजिश

## लद्दाख में भारतीय सेना की पोजिशन के करीब पहुंचा चीन का एयरक्राफ्ट, वॉर्निंग के बाद लौटा

**नई दिल्ली:** लद्दाख में एलएसी के पास चीनी एयरफोर्स के युद्धाभ्यास करने का खुलासा हुआ है। इसमें वायु रक्षा हथियारों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने की जानकारी मिली है। जून के आखिरी हफ्ते में तो एक चीनी एयरक्राफ्ट पूर्वी लद्दाख सेक्टर में इंडियन एयरफोर्स के रडार पर भी आ गया था। हालांकि,भारत की वॉर्निंग के बाद यह एयरक्राफ्ट वापस चला गया था। भारत ने इस घटना को लेकर चीन के सामने कड़ा ऐतराज जताया है। जानकारी के मुताबिक चीन का एयरक्राफ्ट एलएसी पर तैनात भारतीय जवानों की पोजिशंस के बहुत नजदीक आ गया था। चीनी एयरक्राफ्ट नजर आते ही इंडियन एयरफोर्स अलर्ट हो गई। एयरफोर्स ने इसे घुसपैठ मानते हुए जवाबी एक्शन की तैयारी भी कर ली थी। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार ने इसके बाद ऐसी किसी भी घटना से निपटने के लिए मिलिट्री सिस्टम को सक्रिय कर दिया था।

**वॉर्निंग के बाद ड्रैगन ने कदम पीछे खींचे:** सूत्रों ने कहा कि इस मामले को भारतीय पक्ष ने स्थापित मानदंडों के तहत चीनी अफसरों के सामने उठाया और भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए कहा है। ये भी बताया गया है कि इसके बाद से चीन ने भारत से लगे सीमावर्ती इलाकों में ऐसा कुछ नहीं किया है।

**गलवान में 15 जून 2020 की रात हुई थी हिंसक झड़प:** इस दिन गलवान में हमारे ग्राउंड ट्रूप्स पर दबाव था। चीन पर भी दबाव था। चीन की सेना उस साइट पर बैठी हुई थी तो भारतीय सेना ने उनसे वापस जाने को कहा। हालांकि वो लोग मान गए, पर विवाद शुरू हुआ चीनी हरकत से। चीन ने दो टेंट लगाए, जो ऑब्जर्वेशन पोस्ट की तरह थे। चीनी सैनिकों ने तर्क दिया कि अगर हम वापस चले गए तो आपकी गतिविधियों पर नजर नहीं रख पाएंगे। भारतीय सेना ने इसी का विरोध किया और झड़प शुरू हो गई। चीनी सैनिक हथियार से लैस थे और भारतीय सेना पुरानी प्रैक्टिस के तहत वहां पहुंची थी। इस झड़प के बाद 30 जून के आसपास दोनों पक्षों में बात हुई और चीन वहां से एक किलोमीटर पीछे हट गया। भारत अपनी पोस्ट पर वापस आ गया था।



**नजदीक से गोली लगी, 15 मिनट तक एंबुलेंस नहीं पहुंची, इलेक्शन कैंपेन में पूर्व सैनिक ने पीछे से गोली मारी, 6 घंटे बाद निधन, भारत में राष्ट्रीय शोक, आरोप लग रहा है कि जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे पर हमले की साजिश चीन ने रची**

# जापान के पूर्व पीएम आबे की हत्या







**टोक्यो:** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की शुक्रवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। आबे नारा शहर में इलेक्शन कैंपेन के दौरान स्पीच दे रहे थे। 42 साल के हमलावर ने पीछे से फायरिंग की। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी का नाम यामागामी तेत्सुया है और वो आबे की नीतियों से नाखुश था। दो गोलियां लगने के फौरन बाद आबे गिर पड़े। उन्हें हेलिकॉप्टर से नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। 6 घंटे तक मेडिकल टीम ने उन्हें बचाने की कोशिश की। इलाज के दौरान आबे को दिल का दौरा भी पड़ा। घटना भारतीय समयानुसार सुबह 8 बजे (जापान के समय के मुताबिक सुबह 11.30 बजे) की है। आबे की जान बचाने की कोशिश करने वाली मेडिकल टीम में शामिल एक डॉक्टर ने कहा- आबे को लगी एक गोली उनके दिल तक पहुंच गई थी।

**मोदी बोले- पूरा भारत शोक में डूबा:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आबे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा- भारत और जापान के रिश्तों और ग्लोबल पार्टनरशिप में आबे की अहम भूमिका रही। आज पूरे भारत में शोक है। इस मुश्किल वक्त में हम पूरी ताकत के साथ अपने जापानी भाई-बहनों के साथ खड़े हैं। उन्होंने शिंजो के सम्मान में 9 जुलाई को एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा भी की। आबे पर फायरिंग उस वक्त की गई, जब वे चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान फायरिंग की आवाज आई और आबे गिर पड़े। शुरूआती रिपोर्ट्स में कहा गया कि किसी ने उन्हें सीने पर गोली मारी। बाद में ये साफ हुआ कि उन पर पीछे से फायरिंग हुई।

**हमलावर को गिरफ्तार किया गया:** हमलावर यामागामी तेत्सुया को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से गन बरामद हुई है। ये किसी टीवी कैमरे की तरह नजर आती है। जापानी मीडिया के मुताबिक हमलावर ने हैंडमेड गन का इस्तेमाल किया। वो मेरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स का मेंबर था।


**दिल का दौरा भी पड़ा:** रिपोर्ट्स के मुताबिक गोली लगने के बाद शिंजो को दिल का दौरा भी पड़ा। हालांकि अभी इसके बारे में आधिकारिक बयान नहीं आया है। चश्मदीदों के मुताबिक मौके पर गोली चलने की आवाज सुनाई दी और आबे के शरीर से खून बहता दिखा।

**सड़क पर सभा कर रहे थे, हमले के बाद धुंआ दिखाई दिया:** जापान में रविवार को उच्च सदन के चुनाव होने हैं। शिंजो इसके लिए कैंपेनिंग कर रहे थे। सड़क पर एक छोटी सी सभा थी, जिसमें 100 से ज्यादा लोग शामिल थे। जब आबे भाषण देने आए तो पीछे से एक हमलावर ने गोली चलाई। जो वीडियो सामने आया है, उसमें हमले के बाद धुंआ दिखाई दिया। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई।

**जापान में गन लाइसेंस हासिल करना बेहद मुश्किल**

जापान में गन कंट्रोल लॉ बेहद सख्त है। करीब 13 करोड़ की आबादी वाले इस देश में फायरिंग से जान गंवाने वालों का आंकड़ा सिंगल डिजिट में ही रहता है। गन लाइसेंस सिर्फ जापान के लोगों को मिल सकता है। वो भी उन्हें जो किसी शूटिंग एसोसिएशन के मेंबर हों।

# आयकर रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई




**नई दिल्ली: वित्त** वर्ष 2021-22 और आकलन वर्ष 2022-23 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। आयकर विभाग ने शुक्रवार को ट्वीट करके अपील की है कि वित्त वर्ष 2021-22 और आकलन वर्ष 2022-23 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2022 है। ऐसे में करदाता अंतिम समय में भीड़ से बचने के लिए अपना आईटीआर आयकर विभाग के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। आयकर विभाग के मुताबिक आईटीआर दाखिल करने की डेडलाइन उन सभी करदाताओं के लिए 31 जुलाई है, जिनके खातों का ऑडिट करने की आवश्यकता नहीं है।

## राहुल गांधी ने एम्स पहुंचकर लालू यादव से की मुलाकात

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दिल्ली एम्स पहुंचकर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के मुखिया लालू यादव से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। राहुल गांधी दिल्ली एम्स में आज दोपहर पहुंचे थे। यहां उन्होंने यादव के साथ लगभग आधे घंटे बिताया। उल्लेखनीय है कि लालू यादव को खराब स्वास्थ्य के चलते 06 जुलाई को देर शाम पटना से एयर लिफ्ट कर दिल्ली एम्स लाया गया था। .

# दिल्ली एम्स से लालू की मुस्कुराती तस्वीर आई सामने



**पटना:** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की सेहत सुधर रही है। दिल्ली एम्स में लालू का इलाज कर रहे डॉक्टर का दावा है कि उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। सब ठीक रहा तो 2 दिन में उन्हें सीसीयू से निजी वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा। लालू की बेटी मीसा भारती ने ट्विटर पर उनकी फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि आप सब की दुआओं और एम्स दिल्ली की बेस्ट मेडिकल केयर से लालू जी की तबीयत में काफी सुधार है। मीसा ने लिखा- आपके लालू जी बिस्तर से उठकर बैठ पा रहे हैं। सहारा लेकर खड़े हो पा रहे हैं। हर मुसीबत से लड़कर बाहर आने की कला लालू जी से बेहतर कौन जानता है! अपने मनोबल और आप सब की दुआओं की बदौलत लालू जी की स्थिति अब काफी बेहतर है। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ बनाए रखें, दुआओं में लालू जी को याद रखें। लालू प्रसाद के छोटे बेट तेजस्वी ने भी उनकी तबीयत में सुधार होने की बात कही है।

इधर केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस्वी यादव से फोन पर लालू यादव के स्वास्थ्य की जानकारी ली। गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस और नित्यानंद राय ने दिल्ली एम्स जाकर आरजेडी सुप्रीमो का हाल-चाल जाना।

## साध्वी प्रज्ञा-अपर्णा यादव को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**भोपाल:** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और सपा नेता मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को भोपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को ही कॉलर ने जान से मारने की धमकी दी थी। कॉल करने वाले का नाम नासिर है। उसने साध्वी को किए कॉल में खुद को इकबाल कासकर का आदमी बोला था। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के परिवार की छोटी बहू अपर्णा यादव को भी जून में ही मधमकी मिली थी। इस धमकी के बाद से पूरा परिवार सदमे में आ गया था। उसके बाद उन्हें वाट्सएप कॉल पर जान से मारने की धमकी मिली थी। कॉलर ने अपर्णा यादव को 72 घंटे में जान से मारने की धमकी दी है। दरअसल, अपर्णा यादव मुलायम की छोटी बहू हैं। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रभावित थी। इसी वजह से यूपी में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली थी। उन्होंने इस दौरान अखिलेश यादव और प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव पर जमकर निशाने साधे थे। उन्होंने खुद को राष्ट्रवादी विचारधारा का बताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी।

**रिपोर्ट में दावा- भारत दूध-सब्जी-दाल के उत्पादन में टॉप पर, लेकिन 22 करोड़ भारतीयों को भरपेट खाना नहीं**

## दुनिया के एक चौथाई कुपोषित



**नई दिल्ली/न्यूयॉर्क:** दुनिया में कोरोनाकाल के दुष्परिणाम अब दिखने लगे हैं। वठ की 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2022 रिपोर्ट' के अनुसार 2019 के बाद लोगों का भूख से संघर्ष तेजी से बढ़ा है। 2021 में दुनिया के 76.8 करोड़ कुपोषण का शिकार पाए गए, इनमें 22.4 करोड़ (29%) भारतीय थे। यह दुनियाभर में कुल कुपोषितों की संख्या के एक चौथाई से भी अधिक है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2021 के अनुसार, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक देश है। दूध, दाल, चावल, मछली, सब्जी और गेहूं उत्पादन में हम दुनिया में पहले स्थान पर हैं। फिर भी देश की बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है। 2019 में दुनिया में 61.8 करोड़ लोगों का भूख से सामना हुआ था, वहीं 2021 में यह संख्या बढ़कर 76.8 करोड़ हो गई। यानी, सिर्फ 2 साल में 15 करोड़ (24.3%) लोग बढ़ गए, जिन्हें एक वक्त का खाना नसीब नहीं हुआ।

**बीते दो साल में भुखमरी की रफ्तार तेज हुई:** यूएन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2004-06 में 24 करोड़ आबादी कुपोषित थी। इन्हें या तो एक वक्त का खाना नहीं मिल पाया था या इनके भोजन में पौष्टिक तत्व 50% से कम थे। दुनिया में भुखमरी तो पिछले 15 साल से लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसकी रफ्तार पिछले दो साल में तेज हुई है। दूसरी ओर, भारत की स्थिति में थोड़ा सुधार देखने को मिला है। भारत में 15 साल पहले 21.6% आबादी कुपोषण का शिकार थी, अब 16.3% आबादी को भरपेट पौष्टिक खाना नहीं मिल पा रहा है।

# अखिलेश यादव की ओर से 'तलाक' का इंतजार कर रहा हूं: राजभर



**नई दिल्ली:** समाजवादी पार्टी का गठबंधन टूट की कगार पर है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से नाराज बताए जा रहे हैं। राजभर से पहले महान दल के केशव देव मौर्य भी सपा गठबंधन से अलग हो चुके हैं। वहीं, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल यादव भी चुनाव के बाद से ही अखिलेश पर हमलावर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या समाजवादी पार्टी का गठबंधन पूरी तरह बिखर जाएगा? आखिर सपा के साथ चुनाव लड़ने वाली पार्टियां बाद में अलग क्यों हो जाती हैं? विपक्ष के राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। यहां समाजवादी पार्टी और रालोद के विधायकों ने उन्हें अपना समर्थन दिया। हालांकि, इस कार्यक्रम में सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले ओम प्रकाश राजभर और उनकी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायकों को नहीं बुलाया गया। इस पर मीडिया ने ओम प्रकाश राजभर से सवाल पूछा। तो उन्होंने कहा, 'मुझे बुलाया नहीं गया था। सपा अध्यक्ष को जयंत चौधरी की जरूरत है। अब मेरी जरूरत नहीं है। राष्ट्रपति चुनाव पर कल के बाद फैसला लेंगे।'

**पहले भी सपा मुखिया पर साध चुके हैं निशाना:** ये पहली बार नहीं था, जब ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा हो। चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही वह सपा प्रमुख पर लगातार हमलावर होते रहे हैं। विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव के दौरान भी राजभर ने अखिलेश यादव पर तंज कसा था। ओम प्रकाश राजभर चाहते थे कि विधान परिषद की चार सीटों में कम से कम एक सीट उन्हें मिले, जिससे उनका बेटा सदन में पहुंच सके। लेकिन अखिलेश यादव ने इंकार कर दिया।

# शिवसेना को हमसे कोई नहीं छीन सकता: उद्धव



**मुंबई:** सत्ता गंवाने के बाद महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पहली बार खुलकर मीडिया के सामने आए। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने शिवसेना के भविष्य के बारे में बात की। ठाकरे ने कहा, शिवसेना को हमसे कोई नहीं छीन सकता है। उन्होंने कहा, इसमें कोई भी संदेह नहीं है कि 'तीर और कमान' शिवसेना का चिह्न है और इसे हमसे कोई नहीं छीन सकता है। ठाकरे ने आगे कहा, हमें सुप्रीम कोर्ट पर विश्वास है। कोर्ट जो भी फैसला करेगा वह हमें स्वीकार होगा। कहा, उच्चतम न्यायालय का 11 जुलाई का फैसला सिर्फ शिवसेना का ही नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र का भविष्य भी तय करेगा। उन्होंने महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव की मांग की।

## खबर संक्षेप

### सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में तीन गिरफ्तार भेजे गए जेल

**मऊआइमा।** ताजिया का चबूतरा ध्वस्त करने के आरोप में दर्ज मुकदमा में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ में कतिपय लोग मोहर्रम न मनाने की बात कह रहे थे। न मानने पर ताजिया स्थल का चबूतरा ध्वस्त कर दिए । जिससे एक ही समुदाय के दो गुट आमने सामने आ गए थे । पुलिस ने गुरुवार को निजामुद्दीन पुत्र फकीर उद्दीन ,मोहम्मद साकिब पुत्र निजामुद्दीन ,आसमा बानों पत्नी तौफीक के खिलाफ सौहार्द बिगड़ने का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने संभावित ठेकानों पर दबिश डाल कर निजामुद्दीन ,मोहम्मद साकिब ,आसमा बानों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अपहरित किशोरी को गांव में छोड़कर भाग गया युवक

**मऊआइमा।** किशोरी को युवक अपहरण कर ले गया। कई दिनों के बाद गांव में छोड कर भाग गया। किशोरी की माता ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मूल्हापुर निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी नाबालिग लड़की को गांव का एक युवक अपहरण कर ले गया। फिर कई दिनों के बाद गांव में छोड कर भाग गया ।उलहना देने पर जान से मारने की धमकी दी गई । महिला ने मऊआइमा थाने में परषोत्तम कुमार पुत्र दीनई ,संजय कुमार पुत्री परषोत्तम ,छोटू पुत्र किशन सरोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस किशोरी को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दी है ।

# जुमे पर अलर्ट पर रही पुलिस गस्त कर ड्रोन से रखी नजर



नमाज के दौरान पुराने शहर में गश्त करती पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 10 जून के बाद से हुए बवाल के बाद से जुमे को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर रहती है, इस जुमे पर भी पुराने शहर में पुलिस अलर्ट मोड पर रही । शुक्रवार को जुमे की नमाज से पहले चौक करेली अटाला खुल्दाबाद रोशन बाग नकास कोहना आदि इलाकों में पुलिस गस्त करनी शुरू कर दी थी साथ ही इलाके की मस्जिदों के आसपास पुलिस फोर्स तैनात रही । वही हिंसा ग्रस्त रहा अटाला एरिया में ड्रोन से निगरानी की गई ।

**10 जून को हुआ था बवाल :**

भाजपा नेता रही नुपुर शर्मा की ओर से 1 न्यूज चैनल पर डिबेट के दौरान पैगंबर साहब पर दिए बयान के बाद मुस्लिमों ने विरोध जताया था उसी को लेकर प्रयागराज में 10 जून को जुमे के बाद जमकर पत्थरबाजी आगजनी और बम बाजी की घटना हुई थी इस दौरान 18 से अधिक पुलिसकर्मी और मीडिया कर्मी घायल हो गए थे । वही उपद्रवियों ने पुलिस की 6 बाइकों को आग के हवाले कर दिया था तथा मुस्तफा तिराहे के पास एक पीएसी के वाहन को उपद्रवियों ने आग लगा दिया था । इस मामले में पुलिस की ओर से अब तक 106 उपद्रवियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है । तथा 54 सौ अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### अपाचे व स्कूटी बाइक समेत 6 देसी बंद के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**कोरांव।** कोरांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के खजुरी गांव से एक अपाचे व स्कूटी बाइक समेत 6 अदद देसी बम के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त विजय कुमार सोनी पुत्र नारायण प्रसाद सोनी निवासी हनुमानगंज पैंतिहा थाना कोरांव को विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गौरव कुमार, उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव, कांस्टेबल मोहन कुमार, कांस्टेबल चंद्रशेखर यादव शामिल रहे।

### दो अलग अलग गांवों में मार पीट आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल दोनों मामलों में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अतन उर्फ नौगिरा निवासनीय संगीता देवी पत्नी अवधेश कुमार का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसे और उसके परिजनों को मारा पीटा गया। संगीता देवी ने मऊआइमा थाना में आशाराम ,गोविन्द ,कल्लू ,सुरेन्द्र, महेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम धनपारी का पूरा निवासी कृपाशंकर पुत्र श्रीनाथ पटेल का आरोप है कि जमीनी विवाद में उसे मारा पीटा गया। कृपाशंकर ने मऊआइमा थाने में समय लाल ,संतोष कुमार ,चन्द्र भूषण के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।



बसवार के कचड़ा प्लांट में लगी आग को काबू करते फायर ब्रिगेड कर्मी

# बसवार कचड़ा प्लांट के आरडीएफ में लगी आग, हड़कंप

## एक किलोमीटर दूर तक धुएं से घिरा रहा क्षेत्र ग्रामीणों की हुई फजीहत

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र के बसवार गांव स्थित कचड़ा प्लांट के आरडीएफ में भीषण आग लग गई। जिससे प्लांट में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने घंटो कड़ी मशक्कत कर बेलगाम आग को काबू कर लिया। बसवार गांव स्थित नगर निगम के रिसाइकलिंग प्लांट के कंपोस्ट खाद के कारखाने के पास आरडीएफ में शुक्रवार की दोपहर धुएं के साथ ही आग की निकलती लपटें देख कर्मियों सहित अधिकारियों में खलबली मच गई। प्लांट के कर्मियों ने पहले तो आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग बुझने के बजाय आग बढ़ती जा रही थी। आग कंपोस्ट खाद की प्लांट की तरफ रुख करते देख अधिकारियों के हांथ पांव फूल गए।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के पांच वाहनों के साथ दर्जनों फायर ब्रिगेड कर्मियों ने घंटो कड़ी मशक्कत कर आग को काबू कर कंपोस्ट खाद की प्लांट को भारी नुकसान होने से रोक लिया। कर्मियों ने आग को काबू तो कर लिया लेकिन कचड़ा से धुआं शाम तक निकलता रहा। हालांकि की आग लगने की वजह नही मालूम हो सका।

### एक किलोमीटर दूर तक धुएं से घिरा रहा क्षेत्र

बसवार के कचड़ा प्लांट के मलवा और आवागमन करते वाहनों से उड़ते धूल से जहां कचड़ा प्लांट के आसपास के ग्रामीण और राहगीर हमेशा परेशान रहते हैं। वहीं शुक्रवार के दिन कचड़ा प्लांट में लगी आग के धुएं से भी ग्रामीण काफी परेशान दिखे। कचड़ा प्लांट के आसपास के कई गांवों सहित एक किलोमीटर दूर तक धुएं से घंटो घिरा रहा। यहां तक प्लांट के आसपास खेतो में काम कर रहे किसान भी धुएं के वजह से भाग खड़े हुए।

# लिंक ब्रांच संचालक आवास लाभार्थियों के साथ धोखाधड़ी कर हुआ फरार

अखंड भारत संदेश

## खाताधारकों के रूपयों में हेराफेरी कर हड़प लिया है जमा किए गए रुपये, बैंक संचालक के आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग

**रत्योरा।** कोरांव बाजार में एसबीआई बैंक की लिंक ब्रांच शाखा चला रहे संचालक पर आवास लाभार्थियों एवं बैंक उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। खाताधारकों की बातों पर गौर करें तो लिंक ब्रांच संचालक विनय कुमार जायसवाल पुत्र ज्ञान चंद्र जायसवाल निवासी शास्त्री नगर कोरांव आवास लाभार्थियों के रुपए डकार लिया है। बैंक जाने पर कभी-कभी बैंक में पैसा नहीं है का बोर्ड लगाकर बैंक बंद मिलता है तो कभी जब संचालक मिलता है तो कहता है कि आज सरवर नहीं है, कल आइए का बहाना कर आवास लाभार्थियों को हजार दो हजार रुपए देकर वापस कर दे रहा है। जिससे जहां आवास लाभार्थियों के आवास नहीं बन पा रहे हैं वही खाता धारकों के खातों में भी व्यापक पैमाने पर हेरा फेरी की है। कई खाताधारकों ने यह भी आरोप लगाया है कि जमा करने के लिए दिए गए रुपए खातों में न जमा कर खुद हड़प लिया है और हाथ से लिखने वाली पासबुक में रुपए जमा करने के बाबत चढ़ा दिया है। जब खाते चेक किए जाते हैं तो खातों में रुपए जमा नहीं मिलते हैं।

अधिकांश गरीबों के खातों से जमा किए गए पैसे खुद निकाल लिया है और जब खाताधारक पैसे के लिए जाते हैं तो बैंक में पैसा न होने की बात कहकर उन्हें बैरंग वापस कर देता है। पिछले कई दिनों से बैंक संचालक विनय जायसवाल बैंक पर नहीं मिलता है। उसके अधिकृत कर्मचारी मिलते हैं जो पैसा देने से इनकार कर देते हैं। इसके बाबत भारी संख्या में खाताधारक प्रतिदिन उसके घर को भी घेरने का काम कर रहे हैं। किंतु वह खाता धारकों से मिलना भी मुनासिब नहीं समझ रहा है। खाताधारक कुसुम कुमारी पत्नी अरुण कुमार निवासी बड़ोखर, नीलम पत्नी तारामनि निवासी भगवानपुर, विद्यावती पत्नी सूरज निवासी मिश्रपुर, उषा देवी पत्नी रामदेव निवासी धाव, सुषमा देवी पत्नी विवेक कुमार निवासी करपिया, सुषमा प्रजापति निवासी बड़ोखर, सुषमा पत्नी कमलेश निवासी दादर, श्यामलाल पुत्र रघुनाथ निवासी भलुहा आदि ने आरोप लगाया है कि किसी के खाते से 54000 तो किसी के खाते से 22000 तो किसी के खाते से 20000 तो किसी के खाते से 40000 हड़प लिया है। बैंक जाने पर हजार 2000 देकर वापस कर देता है। जिससे अधिकांशतः आवास लाभार्थी अपना जहां आवास नहीं बनवा पा रहे हैं, वही अन्य खाताधारक भी अपने रुपयों के लिए बैंक का चक्कर काट रहे हैं। किंतु बैंक संचालक पैसा देने से इनकार कर रहा है। अब तो हालात यह हो गए हैं कि बैंक संचालक बैंक पर भी नहीं मिलता है। उपभोक्ता बैंकों का चक्कर लगा लगा कर थक हार रहे हैं। कई उपभोक्ता थाने पर भी शिकायत दर्ज कराई है किंतु स्थानीय पुलिस भी मामले में टालमटोल करते देखी जा रही है। धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने वाले बैंक संचालक पर पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है जिससे मनमाने बैंक संचालक के हौसले बुलंद हैं। खाताधारकों के चचाओं पर गौर करें तो बैंक संचालक विनय जायसवाल क्षेत्र के दोहथा में पेट्रोल पंप का मौजूदा समय में निर्माण करवा रहा है और कई स्थानों पर जमीनों की भी खरीद फरोख्त की है। खाताधारकों ने बैंक संचालक की आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। बैंक संचालक फोर व्हीलर टू व्हीलर के साथ-साथ बुलेट बाइक से चल रहा है। इतने रुपए कहां से आ रहे हैं खाताधारकों ने इस पर भी प्रश्नचिन्ह लगाते हुए उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है।



### धाव के नाम से आवंटन कोरांव में चला रहा बैंक

खाताधारकों के रुपयों पर डाका डालकर फरार बैंक संचालक विनय जायसवाल की लिंक ब्रांच धाव के नाम से आवंटित है, किंतु एक लंबे समय से कोरांव बाजार में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के बगल में ही अपनी ब्रांच को संचालित कर रहा है। जिसकी शिकायत कई बार बैंक अधिकारियों एवं उच्चाधिकारियों से की गई किंतु उच्चाधिकारी भी मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जिसका नतीजा हुआ कि करोड़ों रुपए का खाता धारकों का गबन कर बैंक संचालक फरार हो गया है और बैंक ग्राहक अपने पैसे के लिए चक्कर काट रहे हैं। इस बाबत जब उप जिलाधिकारी कोरांव शुभम श्रीवास्तव से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि अभी तक ऐसे उपभोक्ताओं की शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद संबंधित बैंक संचालक के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराते हुए कठोर कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बैंक उपभोक्ताओं के साथ की गई धोखाधड़ी के मामले में भारतीय स्टेट बैंक के उच्चाधिकारियों एवं शाखा प्रबंधक को संज्ञान लेकर उसके ऊपर विधिक कार्रवाई करनी चाहिए। मामले में भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोरांव के शाखा प्रबंधक रविंद्र राजन से जानकारी ली गई तो उन्होंने इस मामले में कोई जवाब नहीं दिया।

### विद्यालय में चोरी : कीमती सामान उठा ले गये चोर

**करछना।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महेवा कुंजल वैश्य का पूरा गांव स्थित श्रीमती जयराजी देवी बालिका जूनियर हाई स्कूल को चोरों ने निशाना बनाते हुए कई कीमती सामान को किया पार। सुबह जानकारी होने पर मचा हड़कंप। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत पांडे के मुताबिक बृहस्पतिवार को वह रोजाना की तरह विद्यालय बंद कर निजी आवास नैनी चले गए थे। उसी बीच देर रात होने पर अज्ञात चोरों ने छत पर चढ़कर शीढी के रास्ते से विद्यालय के अंदर प्रवेश कर गए। जहां चोरों ने विद्यालय में लगे 12 सेलिंग पंखा, 6 फाइबर कुर्सी, पुस्तकालय से किताब, डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चों के ड्रेस सहित अन्य कई कीमती सामान को पार कर दिया। शुक्रवार की सुबह जब विद्यालय खोलने पहुंचे प्रधानाचार्य विनीत पांडे व अन्य स्टाफ ने अंदर का नजारा देखा तो सभी स्तब्ध रह गए। घटना की जानकारी भुक्तभोगी ने डायल 112 व करछना पुलिस को दी है।

# उपनिदेशक समाज कल्याण करछना ब्लाक में बनें गोआश्रय स्थलों का औचक किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

## विकास खण्ड करेहा,पनासा व केचुआ गांव में स्थापित गोआश्रय स्थलों का किया निरीक्षण दिया दिशा निर्देश

**करछना।** विकासखंड में करेहा ,पनासा और केचुहा गांव में स्थापित किए गोआश्रय स्थलों का शुक्रवार को उपनिदेशक समाज कल्याण प्रयागराज मंडल श्रीमती मंजू श्री अंशुमान सिंह, नें औचक निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान करछना ब्लाक के एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ,समाज कल्याण अधिकारी विकासखंड करछना विजय शंकर यादव की मौजूदगी में निदेशक समाज कल्याण श्रीमती मंजू श्री ने सबसे पहले केचुहा गोआश्रय स्थल का औचक निरीक्षण करते हुए पशुओं की देखभाल एवं रखरखाव एवं मवेशियों के स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारी ली और रखरखाव खाने के लिए भूसा, कानों में टैगिंग आदि रजिस्टर पेयजल व्यवस्था आदि की जानकारी से अवगत होने के पश्चात उन्होने गांव पनासा में बने गोआश्रय स्थल का भी स्थली निरीक्षण कर पशुओं के रखरखाव के विषय में रजिस्टर आदि दस्तावेज का अवलोकन किया तथा वही इसके बाद अंत में करेंहा में भी बने गोआश्रय स्थल का भी निरीक्षण करते हुए देखभाल से संबंधित चारा पानी दवाओं के विषय में जानकारी हासिल की उपरांत प्रधान और सचिवों को दिशा निर्देश दिए।



औचक निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक समाज कल्याण मंजूश्री अंशुमान सिंह

# जिला कचेहरी से घर लौट रहे से अधिवक्ता के साथ मारपीट



**करछना।** थाना क्षेत्र के भुंडा गांव निवासी अरुण कुमार शर्मा जिला कचहरी प्रयागराज में वकालत करते हैं, शुक्रवार को जिला कचहरी से अपने घर के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे लगभग शाम साढे छ बजे कोहडार मार्ग बरदहा पेट्रोल पंप के पास चार पांच लोग अधिवक्ता कीं मोटरसाइकिल रोककर लाडी डंडे से पिटाई कर दी और अधिवक्ता के जेब से पांच हजार रुपये नगदी और सोने की जंजीर छीन लिए तथा आसपास के लोगों नें बीच-बचाव करने पहुँचे तो हमला वरो ने उनकों भी पीट दिया मेन सडक मार्ग होने के कारण घटना के वक्त काफी लोगों भीड इकट्ठा हो गयी और मजमा लग गया और पुलिस को सूचना दी तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस दो हमला वरो को उनकी मोटरसाइकिल सहित हिरासत में लिया है जानकारी के मुताबिक हमलावर सभी पास के खजुरी गांव के रहने वाले बताएं गाएं हैं जो घटना को अंजाम दे कर भाग गये पीडित अधिवक्ता की तहरीर पर करछना पुलिस ने नाम जद हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कारवाई मे जुटी हुई हैं।

# राजनैतिक दबाव के चलते करछना ब्लाक में नहीं की गई निविदा प्रपत्र की बिक्री

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकासखंड में क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा कराए जाने वाले कार्य को लेकर 27 जून को अमर उजाला एवं दैनिक भास्कर अखबार में निविदा/टेंडर का प्रकाशन कराया गया था जिसमें 27 जून से 11 जुलाई तक अधोहस्ताक्षरी फर्मों द्वारा आमंत्रित किया गया था फार्म आवेदन करने के लिए लेकिन निविदा प्रकाशन के दस दिन बीत जाने के बाद भी निविदा विक्रय फार्म की बिक्री ब्लॉक कार्यालय करछना से नही किए जाने के कारण पंजीकृत फर्म संचालकों में गहरी नाराजगी व्याप्त है इसी क्रम को लेकर शुक्रवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख करछना व राज्यसभा सांसद रह चुके रेवती रमण के पीआरओ राजेश्वर पांडेय द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर निविदा विक्रम फार्म बिक्री न किए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन करने की कोशिश की जिसको पुलिस ने बिना अनुमति के समझा-बुझाकर टाल दिया तब जाकर पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह के नेतृत्व में फर्म संचालकों ने उप जिलाधिकारी करछना को ज्ञापन सौंपा और यह आरोप लगाया कि 11 तारीख के पहले फार्म की बिक्री नहीं कराई गई तो तहसील और ब्लॉक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन एवं तालाबंदी करने की चेतावनी भी दी है, उक्त निविदा का ओपनिंग 12 जुलाई को होना है अभी तक करछना ब्लॉक से निविदा प्रपत्र बिक्री न किए जाने के कारण अधोहस्ताक्षरी फर्मों द्वारा प्रपंत्र नहीं डाला जा सका है जिसको लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है उप जिलाधिकारी रेनू सिंह ने आश्वासन दिया कि निविंदा अखबारों में प्रकाशन के बाद उक्त तिथि के पहले फार्मो की बिक्री नहीं कराई गई तो डीएम से वार्ता कर निविदा प्रकाशन को रद्द करा दिया जाएगा,का आश्वासन दिया।

### पंजीकृत फर्म संचालकों नें प्रदर्शन की दी चेतावनी एसडीएम एवं ब्लाक प्रभारी करछना को दिया ज्ञापन



# हिन्दू देवी-देवताओं पर अभद्रत टिप्पणी नहीं सहेगा हिन्दू समाज : आचार्य धीरज द्विवेदी



**प्रतापपुर।** भारत की आत्मा धर्म था एवं आज भी है जिस धर्म के कारण यह भारत विश्व गुरु कहलाता था या कहलाने का प्रयास कर रहा है आज उसी धर्म का एवं धर्म के देवी-देवताओं पर किस तरह की अभद्र टिप्पणियां हो रही है हम हिन्दू समाज के लोग भारत सरकार से मांग करते हैं कि सरकार ईश्वर निंदा का कठोर कानून बनाए क्योंकि वर्तमान समय में हिन्दू देवी देवताओं का अपमान एक फैशन सा बन गया है ।फिल्म निमार्ता भी सनातन धर्म एवं हिन्दू समाज के देवी देवता धर्म और संस्कृति पर अपमान जनक ढंग से अश्लील टिप्पणी अब नहीं किया करें अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी को भी हमारे इष्ट पर प्रतिकूल टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है यदि फिल्म निमार्ता ऐसा करते हैं तो हम हिन्दू समाज सड़क पर जनांदोलन करेंगे और उसका दुष्परिणाम फिल्म निमार्ता को झेलना पड़ेगा फिल्म सेंसर बोर्ड से भी अनुरोध है कि ऐसे फिल्म पर निषेधात्मक कार्यवाही करे ।प्राचीन काल से ही सनातन धर्म संसार में प्रतिष्ठित था परन्तु विधर्मियों द्वारा अधर्म का विकास हुआ और यह हमारा सनातन धर्म,सभ्यता,संस्कृति वाला पावन देश भारत बहुधर्मी देश बन गया ।उक्त बातें मां भगवती वैदिक शिक्षण शोध जनसेवा संस्थान खखैचा प्रतापपुर प्रयागराज के महामंत्री एवं विहिप सत्संग प्रमुख आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक ने बेनीराम कटरा कौशाम्बी में एक धर्म संगोष्ठी के दौरान कही ।इस अवसर पर आचार्य चंद्रभूषण तिवारी, आचार्य संगम प्रसाद तिवारी, आचार्य कौशल वैदिक, आचार्य चंद्रकांत पांडेय, मुकेश सिंह, गोल्डी सिंह, विजेन्द्र सिंह, सावित्री देवी, केशपति सिंह, सपना सिंह, राजेश सिंह, अनय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रयाग सिटीजन लॉ कॉलेज में किया गया वृक्षारोपण

## एक वृक्ष सौ पुत्र समान इसे लगाकर बने महान : प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह

अखंड भारत संदेश

**लेडियारी।** बलराम ग्रुप के द्वारा संचालित बलराम पी0 जी0 कालेज, बलराम संस्कृत महाविद्यालय, प्रयाग सिटीजन लॉ कालेज, सिरहिर, मेजा, प्रयागराज में चलाया गया सघन वृक्षारोपण अभियान। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर उक्त कालेज के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ वी० पी० सिंह के कुशल मार्गदर्शन में एवं वृक्षारोपण समिति के प्रभारी डॉ अशोक उत्तम के निर्देशन में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा आज दिनांक 7 जुलाई 2022 के महाविद्यालयों के प्रांगण में जामुन, शरीफा, निबू इत्यादि के पौधे लगाये गये। पर्यावरण संवर्धन की दृष्टि से यह प्रक्रिया बेहद सराहनीय और मानव जीवन के लिए अत्यन्त उपयोगी है। एक वृक्ष सौ पुत्र समान इसे लगाकर बने महान की भावना से चलाये गये पुनीतथ के अवसर पर डॉ० रूटजय मिश्रा, डॉ० शाह आलम, डॉ अनुज मिश्रा, डॉ० विपिन, डॉ० प्रभुनाथ, डॉ० नरेश त्रिपाठी, सुमित मण्डल, जय कुमार, फराज अहमद, आशीष पाण्डेय एवं सभी छात्र-छात्राओं का सहयोग अत्यन्त सराहनीय रहा।




### पौधारोपण बहुत जरूरी, पर्यावरण सुरक्षित तो हम भी सुरक्षित रहेंगे : संजय बनकटा

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता संजय मिश्र बनकटा ने लोढ़ी डीह गांव में पौधारोपण करते हुए कहा कि जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। पेड़ों से पेट भरने के लिए फल-सब्जियां और अनाज मिला। तन ढकने के लिए कपड़ा मिला घर के लिए लकड़ी मिली। इनसे जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी मिलती है, जिसके बिना कोई एक पल भी जिन्दा नहीं रह सकता इनसे औषधियां मिलती हैं। पेड़ इंसान की जरूरत हैं, उसके जीवन का आधार हैं अमूमन सभी मजहबों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है। भारतीय समाज में आदिकाल से ही पर्यावरण संरक्षण को महत्व दिया गया है भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों को पूजा जाता है विभिन्न वृक्षों में विभिन्न देवताओं का वास माना जाता है। पीपल, विष्णु और कृष्ण का, वट का वृक्ष ब्रह्मा, विष्णु और कुबेर का माना जाता है, जबकि तुलसी का पौधा लक्ष्मी और विष्णु, सोम चंद्रमा का, बेल शिव का, अशोक इंद्र का, आम लक्ष्मी का, कदंब कृष्ण का, नीम शीतला और मंसा का, पलाश ब्रह्मा और गंधर्व का, गूलर विष्णू रूद्र का और तमाल कृष्ण का माना जाता है। इसके अलावा अनेक पौधे ऐसे हैं, जो पूजा-पाठ में काम आते हैं, जिनमें महुआ और सेमल आदि शामिल हैं। वराह पुराण में वृक्षों का महत्व बताते हुए कहा गया है- जो व्यक्ति एक पीपल, एक नीम, एक बड़, दस फूल वाले पौधे या बेलें, दो अनार दो नारंगी और पांच आम के वृक्ष लगाता है, वह नरक में नहीं जाएगा ।वृक्षारोपण के वृहद अभियान में प्रतापपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष पं. आशुतोष त्रिपाठी, ग्राम प्रधान योगेंद्र मिश्रा उर्फ राजा मुन्ना, मंडल उपाध्यक्ष श्वेतांक मिश्रा गुड्डू, मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अच्छेलाल पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### तराव गांव में दबंगों ने ढहाया पक्का मकान, शिकायत

**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के तराव गांव में गुरुवार की देर रात घर में किसी के न होने का फायदा उठाते हुए दबंगों ने 25 वर्ष पुराने बने पक्के मकान को ढहा दिया। भुक्तभोगी पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत एसडीएम व पुलिस से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक मुरारी लाल पुत्र राम कैलाश निवासी सेमरिहा थाना कोरांव आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व तराव गांव में कोरांव कोहड़ार घाट मुख्य मार्ग पर आबादी के भूमि पर पक्का मकान निर्मित कराया था। कुछ दिनों तक रहन सहन करने के बाद मुरारी लाल सेमरिहा में ही रहने लगे। बीती गुरुवार की देर रात 25 वर्ष पुराने बने पक्के मकान को तराव गांव के ही रवि शंकर पुत्र बाबूलाल, राजमणि पुत्र बाबूलाल के द्वारा जबरन ढहा दिया गया। भुक्तभोगी मुरारी लाल ने आरोप लगाया है कि मैं अपने खेत का रेवलर कराने हेतु सेमरिहा गांव चला गया था। रात में मैं नहीं था सुनसान का फायदा उठाते हुए दबंग रविशंकर व राजमणि के द्वारा मेरा घर ढहा कर जमीदोज कर दिया गया। मामले की शिकायत एसडीएम कोरांव शुभम श्रीवास्तव एवं पुलिस से की गई है।

# जिलाधिकारी ने चिल्ड्रन हॉस्पिटल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

### अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व आवश्यक व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखने तथा ओपीडी कक्ष में लाइट तथा एसी खराब पायें जाने पर मेंटेनेंस प्रभारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश


चिल्ड्रन हॉस्पिटल में निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री शुक्रवार को चिल्ड्रन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एजेंसी के बिल से 5 प्रतिशत की कटौती किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने ओपीडी कक्ष का निरीक्षण करते हुए वहां पर लाइट एवं एसी खराब मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उसको ठीक किए जाने के निर्देश दिए है तथा मेंटेनेंस प्रभारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने ओपीडी के डॉक्टरों के बारे में जानकारी ली तथा औसत कितने मरीज प्रतिदिन देखे जा रहे है, के बारे में पूछा। उन्होंने डॉक्टरों से कहा कि जो भी मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए आते है, उनका सही तरीके से उपचार किया जाये। अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनों के बैठने के लिए एक शेड बनाये जाने का भी निर्देश दिया तथा फायर सेफ्टी यंत्र की निरंतर जांच कराते रहने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज डॉ0 एस0पी0 सिंह, सीएमओ सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार किसान की मौत दूसरा घायल

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के लीलापुर कला गांव में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पीछे बैठा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुचे ग्रामीणों की भी भारी भीड़ जमा हो गई तभी सूचना पाकर पहुची पुलिस घायल को एम्बुलेंश से एसआरएन भेज शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। लीलापुर कला गांव निवासी सन्तोष भारतीय 40 व शीतला यादव दोनों किसान है। शुक्रवार की देर शाम दोनों बाइक से सैदाबाद से ढोकरी होते घर आ रहे थे। लीलापुर गांव के बाहर पहुचे थे बताया जा रहा की ढोकरी की ओर जा रहे बालू लदे ट्रक्टर ने बाइक सवार को रौदते हुए भाग गया। जिसकी वजह से सन्तोष की मौके पर ही मौत हो गई वही शीतला गंभीर रूप से घायल हो गया। सन्तोष व शीतला के घर घटना की खबर पहुची तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुचे गए। पूर्व प्रधान विनोद शुक्ला ने बताया कि सन्तोष के चार छोटे छोटे बच्चे है। वही घर में इकलौता कमाने वाला था।

## न्यूज झरोखा

### सामाजिक कार्य ही सरदार पतविंदर की दिनचर्या



**नैनी।** गुरुनानक नगर स्थित भूपेंद्र सिंह सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शोध संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रश्मि शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि प्रयागराज नैनी के गुरु नानकनगर निवासी जो बहुत छोटी आयु से देश और समाज के लिए कुछ करने की चाहत रखते है ऐसे सिख युवक सरदार पतविंदर सिंह को सम्मानित करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है क्योंकि इन्होंने बहुत ही छोटी आयु से सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों करते आ रहे हैं जो मैं विभिन्न समाचार पत्रों,टीवी,आकाशवाणी के माध्यम से सुनती व देखती आ रही हूं उन्होंने कहा कि वर्षों से निरंतर समाज के दिग्भ्रमित तत्वों को हिंसा का मार्ग त्यागने, सांप्रदायिक द्वेष व क्षेत्रीय वैमनस्य को हतोत्साहित करने,देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को बल भाईचारे की भावना विकसित, सहनशीलता,राष्ट्रीय एकता तथा दृढ़ता के उद्देश्य से समाज की रचनात्मक शक्तियों को एकजुट करने,उन्हें नेतृत्व प्रोत्साहन मुखरता प्रदान करने के लिए धार्मिक,भाषायी जातीय भेदभावों से ऊपर उठकर विभिन्न समुदायों के बीच में राष्ट्रीय एकता तथा सद्भावना का प्रसाद सांस्कृतिबंधनों पर बल देश में रहने वाले लोगों के बीच राष्ट्रीय एकीकरण, सांप्रदायिक सद्भाव की नई स्फूर्ति, नव चेतना का संचार करते आ रहे हैं' राष्ट्रीय एकता के प्रति भावना कर्मठता युवाओं व समाज के लिए अनुकरणीय है ये कुशल,कर्मठ, उत्साहित,उत्कृष्ट समर्पित समाज सेवी सरदार पतविंदर सिंह है( अध्यक्षता कर रहे एजाजुद्दीन ने कहा कि गरीब,अज्ञानी,निरक्षर लोगों की सेवा करना मानव धर्म है मानव की सेवा करने का मतलब भगवान की सेवा करना है पतविंदर सिंह बहुत अच्छा सराहनीय कार्य कर रहे हैं पतविंदर सिंह ने सम्मानित होते हुए कहा कि यह सामान हर युवा का है जो समाज में सामाजिक जागरूकता का कार्य कहीं भी,किसी भी स्थल पर कर रहा है मैं सभी उपस्थित समाज सेवियों,साहित्यकारों,युवा युवतियों का तहे दिल से कोटि कोटि प्रणाम करता हूं जिन्होंने मुझे इस काबिल समझा मुझे भगवान हिम्मत और साहस दे जिससे मैं प्राणी मात्र की सेवा कर सकूं।

# डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

### पेयजल परियोजना की समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति खराब पाये जाने पर जल निगम के दो सहायक अभियंताओं का वेतन रोके जाने का दिया निर्देश


विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में नियमित रूप से भ्रमण करने एवं डायरी अपडेट करते हुए उसमें भ्रमण से सम्बंधित विषयों का अनिवार्य रूप से उल्लेख किए जाने का निर्देश दिया है। पेयजल परियोजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति खराब पाये जाने पर जल निगम के दो सहायक अभियंताओं का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि कार्य की प्रगति में माह का जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया था, उसको तत्काल पूर्ण करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने आरबीएसके टीम के द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का शत-प्रतिशत परीक्षण किए जाने तथा डीपीओ एवं बीएसए को टीम के द्वारा किए गए परीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण एवं संस्थागत प्रसव की प्रगति ठीक न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपेक्षित प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया है। कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संरक्षित सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग एवं टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराये जाने तथा गोसंरक्षण केन्द्रों में और निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने पीडब्लूडी एवं सेतु निगम के अधिकारियों को निमार्णाधीन सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण कार्य को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया है। आईजीआरएस की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों को समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्ता के साथ निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। पीएम स्वानिधि योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी शाखा प्रबंधकों को बैंकों में लम्बित आवेदन पत्रों को तत्काल निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# 16 से 22 जुलाई के मध्य किया जायेगा भूजल सप्ताह का आयोजन

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में भूगर्भ जल के उपयोग में लगातार वृद्धि एवं गिरते भूजल स्तर तथा आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए जन-सामान्य में इसके संरक्षण, प्रबन्धन, विवेकयुक्त उपयोग एवं विकास तथा विनियमित दोहन के प्रति जागरूकता की दृष्टि से गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दिनांक 16-7-2022 से 22-07-2022 के मध्य भूजल सप्ताह का आयोजन मुख्य विचार बिन्दु ‟जन-जन तक जल पहुॅचाना है, जल संरक्षण अपनाना है‟ के उददे्ष्य के क्रियान्वयन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस सप्ताहिक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक मनाये जाने हेतु मण्डलीय/जनपदीय अधिकारियों तथा स्वयं सेवी संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। बैठक को पूर्ण सप्ताह मनाये जाने के उद्देष्य से श्री रवि शंकर पटेल, हाईड्रोलाजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग द्वारा समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराया कि भूजल सप्ताह जनपद स्तर, तहसील स्तर, विकास खण्ड स्तर एवं ग्राम स्तर पर मनाया जायेगा। श्री पटेल हाईड्रोलाजिस्ट द्वारा कृषि, उद्योग एवं घरेलू उपयोग में जल संरक्षण हेतु प्रतिभागियों को विभिन्न उपायों की जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा समस्त विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि भूगर्भ जल विभाग के सहयोग से अपने-अपने विभाग में 16 से 22 जुलाई के मध्य पूर्ण सप्ताह भूजल सप्ताह कार्यक्रम करायें तथा वस्तु स्थिति से भूगर्भ जल विभाग को प्रतिदिन अवगत करायें।

## बहन ने भाई से कहा ज्यादा बोलोगे तो बलात्कार मे फंसा दूंगी, क्षेत्र में रहा चर्चा का विषय

### भाई ने जिले के आलाधिकारियों से लगाई जानमाल सुरक्षा की गुहार



**मेजा रोड।** मेजा के रामपुर कठौली गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी सगी बहन पर सगे संबंधियों के साथ मिलकर उसका घर गिराने व बोलने पर फर्जी बलात्कार मे फंसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस उच्चाधिकारियों सहित सीएम योगी से न्याय की गुहार लगाई है। इलाकाई थाना क्षेत्र के रामपुर कठौली गांव निवासी राकेश जैन पुत्र स्व. सुरबिंद जैन ने पुलिस उच्चाधिकारियों सहित सीएम योगी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि उसकी सगी बहन प्रेमलता पत्नी निर्मल जैन, निकेत जैन पुत्र निर्मल जैन, उसका बहनोई निर्मल जैन व पिंटू जैन पुत्र स्व सुरबिंद एक जुट होकर सुनियोजित ढंग से उसकी अनुपस्थिति मे बुल्डोजर लगाकर मकान के बारजे को गिरवा दिया। जब पीड़ित को पता चला तो वह अपनी बहन प्रेमलता के पास जाकर पूछा कि मेरा घर क्यों क्षतिग्रस्त करवा दिया। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत करने पर उसकी सगी बहन प्रेमलता ने उसे बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी बहन के कुछ दबंग लोगों से संबंध हैं, जिसकी वजह से वह उसे धमकी दे रही है कि कहीं शिकायत करोगे तो पुलिस से पिटवाकर जेल भिजवा दूंगी। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस उच्चाधिकारियों सहित सीएम योगी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है।

## प्रयागराज अगरबत्ती ने मनाया स्थापना का छठा वर्षगाठ



**कोरांव।** क्षेत्र ही नही संपूर्ण जिले में चर्चित प्रयागराज अगरबत्ती, धूपबत्ती एवम प्रयागराज प्रीमियम चाय की 6वीं वर्षगाठ कंपनी के कर्मियों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वर्षगांठ के अवसर पर फर्म के संचालक द्वारा निःशुल्क अगरबत्ती का वितरण करते हुए श्री महंत बलवीर गिरि जी महाराज श्रीमठ बाघम्बरी गद्दी श्री लेटे हनुमान जी मंदिर भारद्वाजपुरम प्रयागराज महाराज जी साथ पूजा अर्चन किया गया । उक्त कार्यक्रम में प्रयागराज के मशहूर गायक मिश्र बंन्धु (सूफी भजन गजल गायक और राहुल शुक्ला सिंगर ने रंगारंग कार्यक्रम में अपनी गायन से उपस्थित लोगो को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के संस्थापक अंकित पटेल ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा की हमारा उद्देश्य युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देने का है ताकि वह आत्मनिर्भर बने राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सोमदत्त सिंह पटेल जिला महासचिव समाजवादी पार्टी मिथिलेश शुक्ला पवन सोनकर धनंजय पटेल रवि सिंह आनंद पटेल सावंत पटेल दीपक सिंह आलोक सिंह धर्मेंद्र सिंह एस. बी. सिंह आलोक पटेल वीरेन्द्र पटेल नन्दराज सिंह अनिल सिंह विनोद सिंह लक्ष्मीकांत उर्फ ददुआ भाई, धीरेन्द्र सिंह आनंद्र पटेल सन्तोष तिवारी सचिन सिंह आशीष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## सभी पत्रों का जुड़ेगा राशन कार्ड : सप्लाई इस्पेक्टर



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र के सप्लाई स्पेक्टर श्याम मोहन सिंह ने कहा कि सभी पात्रों का जुड़ेगा राशन कार्ड जिससे गरीबों को समय से राशन वितरण हो सके और इसका पूरा लाभ मिले। सप्लाई इंस्पेक्टर को चार्ज लेते ही सभी कोटेदारों खुशी से झूम उठे कहां की ऐसे ही ईमानदार सप्लाई स्पेक्टर की जरूरत थी जो मेजा जैसे कस्बा गांव को सही तरीके से चला सके जिसमे सभी कोटेदारों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल रहा। लेकिन ग्रामवासियों का कहना है कि नये सप्लाई इस्पेक्टर गरीब जनता के सामने कितने ईमादारी से कार्य करेंगे ये तो आने वाले समय बताएगा।

# ग्राम प्रधान को भूमाफिया ने जान से मारने की दी धमकी

### लखनपुर में सरहंग ने वृक्षारोपण पौधों को किया नष्ट प्रधान को लाठी लेकर जान से मारने का किया प्रयास, अभी तक नहीं लिखी गई रिपोर्ट ग्राम प्रधानों में आक्रोश

**कोरांव/रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के ग्राम पंचायत लखनपुर में भूमाफिया द्वारा सरकार द्वारा कराए जा रहे वृक्षारोपण पर कार्यक्रम प्रभावित करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण करा रहे ग्राम प्रधान व अन्य श्रमिकों को पौध नष्ट करते हुए ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमला किया। जिसकी शिकायत थाना प्रभारी व एसडीएम कोरांव को दी। किंतु अभी तक एफ आई आर दर्ज नहीं हुई जिससे ग्राम प्रधानों में आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि कोरांव तहसील के लखनपुर ग्राम प्रधान राजेश कुमार कोरी द्वारा सरकारी जमीन नाला भूखंड संख्या 450व 447 आदि में 5 जून को वृक्षारोपण कराया जा रहा था जिसमें भूतिचारी हरिहर प्रसाद पटेल पुत्र कोदऊ लाठी लेकर जान से मारने के उद्देश्य से दौड़े और सरकारी पौधों को उखाड़ कर नष्ट कर दिया ।अगर मजदूर मौके पर ना होते तो ग्राम प्रधान की हत्या हो जाती ।प्रधान को जातिसूचक शब्दों के साथ साथ भद्दी भद्दी गालियां देते हुए प्रधानी भी खत्म करने की धमकी दी और धमकाया कि आज प्रधान तो बच गया है लेकिन भविष्य में जिंदा नहीं छोड़ेंगे। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने 112 नंबर पुलिस को दी किंतु अभियुक्त पुलिस को देखते ही भाग निकला प्रधान द्वारा दी गई तहरीर बड़ोखर पुलिस चौकी हमलावर को गिरफ्तार किया किंतु चौकी से उससे महिमा मंडित करके छोड़ दिया। जिससे गांव भूतचारियो में इस बात का हर्ष है कि प्रधान द्वारा अतिचारियो के खिलाफ जितनी कार्रवाई की जाएगी उसमें पुलिस और प्रशासन साथ नहीं देगा। इस संबंध में प्रधान ने एसएसपी प्रयागराज को 8 जून 2022 को द्वारा उचित माध्यम से अवगत करा दिया गया है। उक्त घटना को लेकर अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने गंभीरता से लिया है और कोरांव पुलिस से एफ आई आर दर्ज करके हमलावर व भूआतिचारियो पर गिरफ्तारी की माग की है। संगठन के मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी व सुरेश चन्द तिवारी जिलाध्यक्ष ने कोरांव पुलिस से गिरफ्तारी न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

### आज होगा हनुमान मन्दिर के वार्षिकोत्सव का समापन

**झूंसी।** श्री देवरहा बाबा आश्रम झूंसी में श्री रोग हरण हनुमान जी महाराज का पावन वार्षिकोत्सव बडे धूमधाम से से मनाया जा रहा है। मन्दिर परिसर में चल रहे वार्षिकोत्सव के अवसर पर नौ दिन तक निरन्तर श्री अखण्ड हरिनाम संकीर्तन चलता रहा। शनिवार को संकीर्तन पूणाहुति, भजन संध्या व भंडारा प्रसाद के साथ वार्षिकोत्सव उत्सव का समापन होगा मन्दिर समिति की ओर से सभी वासियों से आग्रह किया गया है कि भगवान हनुमान जी के पावन भंडारे मे परिवार सहित पधार कर महा प्रसाद ग्रहण करे।

### शातिर चोर की पिटाई कर किया पुलिस के हवाले

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हवेलिया में चोरी की फिराक में टहल रहे हैं एक शातिर चोर को लोगों ने पकड़कर जमकर पिटाई की बाद में पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवक के पास से तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ। इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह ने बताया कि पकड़ा गया युवक कोहना का सरफराज है वह पहले भी कई बार चोरी में जेल जा चुका है अभी कुछ दिन पहले ही जेल से छूट कर आया था। शुक्रवार की सुबह हवेलिया में एक मकान में घुसने का प्रयास कर रहा था। लोगो ने देख लिया और उसकी जम कर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने सरफराज को जेल भेज दिया।

# सार्वजनिक कुर्बानी व मलवा बाहर फेंकने पर होगी सख्त कार्रवाई : सीओ

अखंड भारत संदेश

### प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी हुई तो जाएंगे जेल


पीस कमेटी को निर्देश देते सीओ करछना

**घूरपुर।** बकरीद के त्योहार पर सार्वजनिक रूप से पशुओं की कुबार्नी होने और मलवा बाहर फेंकने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी हुई तो जेल होगी। उक्त बातें शुक्रवार के दिन घूरपूर थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए सीओ करछना राजेश कुमार यादव ने कही । आगे उन्होंने कहा कि बकरीद के त्योहार के दिन होने वाली नमाज निर्धारित स्थलों पर ही होगी । यदि कहीं भी सड़क व सार्वजनिक स्थलों पर नमाज पढ़ी गई तो उन लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी । साथ ही यह भी कहा कि पहले से निर्धारित पशुओं की कुबार्नी के अलावा यदि किसी अन्य प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी की गई तो उनके खिलाफ पुलिस सख्त कदम उठाएगी । बकरीद त्योहार की चर्चा के बाद सावन मास के कांवर यात्रा पर भी सीओ ने लोगों से चर्चा की । मौजूद लोगों से सीओ ने अपील करते हुए कहा कि कहीं भी यदि शांति व्यवस्था बिगड़ने की सूचना मिले तो उसे पुलिस तक समय से पहुंचाए । जिससे समय से समस्या को निपटा लिया जाए । इस बीच थाना प्रभारी बिरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने भी मौजूद गणमान्य लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन की मदद करने की अपील की। बैठक में एसआई भूपेंद्र सिंह यादव,गौरव सिंह,प्रधान कंजासा दिनेश निषाद,प्रधान भीटा विपिन, प्रधान पालपुर नियाज अहमद ,प्रधान जसरा आशीष सोनकर ,प्रधान गौहनिया राजेश साहू ,पूर्व प्रधान सुल्तान अहमद,प्रधान इरादतगंज भोला सिंह,दिनेश मिश्र,प्रधान बीकर अतुल पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# सदस्यता अभियान को लेकर सपाइयों ने बनाई रणनीति



**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के सभी कमेटियों के भंग किए जाने के निर्देश के बाद सपा सुप्रीमो ने नए सिरे से गत दिनों सदस्यता अभियान चलाने का लिए गए निर्णय पर दिन बृहस्पतिवार को नगर पंचायत कोरांव में कृपाशंकर बिंद निवर्तमान जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नेतृत्व में मेहताब खान नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर एक आवश्यक बैठक आहूत किया गया जिसमें सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई इस मौके पर सपा नेता बिंद ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता घर घर जाकर जनता में सपा सरकार की नीतियां और सत्तारूढ़ सरकार की जनविरोधी योजनाओं को बताने का कार्य करें और अब पार्टी में उन्हीं कार्यकताओं को पदाधिकारी बनाया जाएगा जोकि जमीनी स्तर पर जुड़कर कार्य कर रहे हो इसी क्रम में मौके पर उपस्थित समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज ने कहा कि जिस तरह से जनता महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रही है इस उमस भरी गर्मी में विद्युत की अघोषित कटौती बवाले जान बना हुआ है और किसानों की खेतों की रोपाई हो रही है लेकिन खाद की किल्लत किसानों के माथे पर पसीना लाने का कार्य कर रहा है जिसके कारण प्रदेश की जनता में सरकार के प्रति आक्रोश उत्पन्न है और निश्चित ही यदि पार्टी का कार्यकर्ता तन मन धन से जनता से जुड़कर कार्य करेगा तो 2024 के लोकसभा के चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सदस्य समाजवादी पार्टी के उत्तर प्रदेश से चुनकर जाएंगे और बिना समाजवादी पार्टी के केंद्र में सरकार चलाना मुश्किल होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश पांडे निवर्तमान जिला सचिव रविंद्र जैसल प्रधान दीपक पटेल निवर्तमान जिला सचिव लोहिया वाहिनी शहादत अली प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी अतुल कुमार बिंद जिला सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अखंड प्रताप भास्कर पवन सोनकर आदि रहे।

## दो बच्चो की फाँसी लगाकर खुदकुशी की

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनौटी में एक विवाहिता ने गुरुवार को फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की मौत से घर में कोहराम मच गया सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा दिया। सोनौटी गांव निवासी महेश चंद्र यादव किसान है गुरुवार की शाम महेश की पत्नी नीतू यादव कमरे के चुल्ले के सहारे फंदे पर झूल गई। परिजनों की नजर पड़ी तो हड़कम्प मचा गया आनन फानन में नीतू को फंदे से उतारा गया तब तक उसकी मौत हो गई थी। मामले की सूचना नीतू के मायके वालों के साथ पुलिस को भी दी गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पीएम कराया नीतू की शादी 11 साल पहले हुई थी उसके दो बच्चे है। नीतू की मौत से बच्चो के साथ परिजनों में कोहराम मचा है।



### प्रतिभाओं का सम्मान एवं पत्रिका विमोचन कार्यक्रम संपन्न

**धनूपुर।** शिव इंटर कॉलेज कटहरा में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका शिव ज्योति का विमोचन एवं बोर्ड परीक्षा 2022 के मेधावियों का सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हंडिया पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं विद्या भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रघुराज सिंह छात्रों को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया। हंडिया पीजी कॉलेज के प्राचार्य एवं माध्यमिक चयन बोर्ड के सदस्य रहे डॉ धीरेंद्र द्विवेदी ने विद्यालय पत्रिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को कड़ी मेहनत कर सफल होने की शुभकामनाएं दी। सर्वार इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के प्रचार प्रमुख डॉ मुरार जी त्रिपाठी ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास पर चर्चा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुयोग पांडेय ने शिक्षा जगत से जुड़ी विभूतियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एन बी सिंह एवं अतिथियों के साथ मिलकर हाई स्कूल के टॉपर आलोक सिंह(92%), रजनीश गुप्ता, प्रतीक शुक्ला, नितिन कुमार , कंचन कुमारी व पूजा पटेल तथा इंटर के टॉपर निर्भय सिंह, महिमा सोनी, रुचि यादव, शिवम यादव एवं खुशबू पाल को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शकील, रामानुज, प्रभा सिंह, शरद यादव, संतोष कुमार राय, कृशन सिंह, राजीव रंजन, संजय यादव, चंद्रभान, महेश, अनुराग शुक्ला, विवेक सिंह, हैदर अली, राय साहब सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन बृजेश शंखधर ने किया।


# कार्यालय ग्राम पंचायत बदौर विकासखंड कोरांव प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत बदौर विकासखंड कोरांव प्रयागराज मे वित्तीय वर्ष 2022 - 23 में पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं आयकर दाता फर्मों से सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 10 जून 2022 से दिनांक 20 जून 2022 तक मान्य होगी। निविदा दिनांक 25 जून 2022 को दोपहर लगभग एक बजे कार्यालय ग्राम पंचायत बदौर विकासखंड कोरांव प्रयागराज पर संबंधित फर्मों के सम्मुख खोली जाएगी जिसे स्वीकृति और अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

शशिलेंद सिंह
सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बदौर
कोरांव प्रयागराज

वेद प्रकाश सिंह
ग्राम प्रधान बदौर
विकासखंड कोरांव
प्रयागराज

# भयहरणनाथ धाम में पूरे सावन मास होगा अखंड ओम नमः शिवाय जाप

## पुलिस व कार्यकताओं की रहेगी उत्तम व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम की प्रबन्ध समिति की बैठक सावन मेला के सन्दर्भ में ग्राम पंचायत पूरे तोरई में हुई। बैठक में तय हुआ कि सावन मास में पूरे माह भर अखण्ड ओम नमः शिवाय का जाप व कीर्तन का आयोजन होगा।

सावन माह के मेले में प्रत्येक मंगलवार को विशाल मेला के मददेनजर भीड के नियंत्रण व व्यवस्था में पुलिस के सहयोग हेतु नियंत्रण कक्ष में प्रबन्ध समिति के तीन-तीन सदस्यीय दल का निर्धारण किया गया। तय किया गया कि सावन मास में धाम परिसर व मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार के वाहन निषिद्ध होगें, साथ ही क्षेत्रीय लोगों की मदद से निजी स्टैन्ड व पार्किग व्यवस्था की जायेगी। भयहरणनाथ धाम के प्रबन्ध समिति की बैठक में अध्यक्ष आचार्य राज कुमार शुक्ल ने प्रस्ताव रखा कि सावन मास में धाम में अखण्ड ओम नमः शिवाय का जाप और कीर्तन का आयोजन हो। महासचिव समाज शेखर ने बताया कि धाम में मंगलवार मेला हेतु मौया साइकिल स्टैन्ड की व्यवस्था हुई है। परन्तु सावन मेला के मददेनजर रास्तों के किनारे किनारे व्यक्तिगत स्तर पर लोगों को साइकिल स्टैन्ड व पार्किग की व्यवस्था में सहयोग लिया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से राम मूर्ति मिश्र, हौसला प्रसाद पाण्डेय, हेमराज अग्रहरि, सुरेश मिश्र, राजीव नयन मिश्र, प्रधान पति राम पूजन पटेल, अखिलेश मिश्र, मनीराम पटेल, सुरेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।



प्रबंध समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

## क्षेत्राधिकारी पट्टी ने दिखाई दरियादिली गोवंश का कराया इलाज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अराजकता को रोकने के लिए मुस्तैद रहने वाली पुलिस कभी-कभी अपनी गुड वर्क ले लिए चर्चा में आ जाती है। पट्टी के क्षेत्राधिकारी ने गोवंश को तड़पता हुआ देखकर उसका इलाज कराया। पट्टी तहसील क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह हैं। शुक्रवार की दोपहर वह अपने कार्यालय से बाहर निकले तो देखा कि एक गोवंश तड़प रहा था मौजूद लोगों से उन्होंने इसके बारे में पूछे तो लोगों ने बताया कि बेसहारा गोवंश बीमार है इस पर तत्काल उन्होंने डॉक्टर बुलाकर उसका इलाज करवाया क्षेत्राधिकारी के इस काम की सभी लोग प्रशंसा करते हुए नजर आए।

# जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे की हत्या को प्रमोद तिवारी ने ठहराया दुखदायी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सांसद एवं सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिजों आबे के आकस्मिक निधन पर दुःख जताते हुए कहा कि भारत देश ने इस घटना से एक सच्चे मित्र और हितैषी को खो दिया है। वहीं उन्होंने कहा कि जिस तरह से जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के हत्या की दुखदायी घटना सामने आयी है वह खतरे की घण्टी है कि जब लोग पदों पर रहते हैं उन्हें सुरक्षा दी जाती है और जब वे पदों से हट जाते हैं तो उनकी सुरक्षा में काफी कटौती कर दी जाती है। श्री तिवारी ने जापान की घटना से भारत सरकार को भी सबक लेते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की नृशंस हत्या के बाद जिस तरह से उनके परिवार से एसपीजी की सुरक्षा हटायी गयी है और उनकी सुरक्षा मे भारी कटौती कर दी गयी है उसे केन्द्र सरकार को फौरन पूर्ववत सुरक्षा के मानक को बहाल करना चाहिये। श्री तिवारी का यह बयान शुक्रवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी किया है।

## डा0 नीरज तिवारी बने सांसद प्रतिनिधि

अखंड भारत संदेश



डा0 नीरज तिवारी।

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रतापगढ़ सदर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकताओं और जनता की समस्याओं के निस्तारण कराए जाने हेतु प्रतापगढ़ सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉ.नीरज त्रिपाठी को प्रतापगढ़ सदर विधानसभा क्षेत्र का अपना सांसद प्रतिनिधि नामित किया है। इसकी जानकारी होने पर सदर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने प्रसन्नता जाहिर की। वहीं सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने को लेकर डॉ. नीरज त्रिपाठी ने सांसद श्री तिवारी का आभार जताया।

# शहर में रोस्टर के अनुसार नियमित हो रहा एंटी लार्वा, फागिंग व सफाई

## नगर पालिका बकरीद पर्व के लिये बना रही गड्ढे

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नियमित रुप से षहर में फागिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव, नाले-नालियों की सफाई व झाड़ियों की कटाई का कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि षासन के निदेर्शों के चलते नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने इसके लिये रोस्टर बनाकर कार्य करने को कहा है।



चिलबिला वार्ड में एंटी लार्वा का छिड़काव करते सफाई कर्मी।

इन अधिकारियों के आदेषों के चलते आज षुक्रवार की षाम अचलपुर वार्ड में फागिंग की गई। जबकि गुरुवार को मीरा भवन वार्ड में फागिंग की गई थी। षहर में एंटी लार्वा का छिड़काव चिलबिला पूर्वी, पश्चिमी तथा महुली वार्ड में किया गया। इसके अलावा सगरा रोड के किनारे की सफाई के लिये नाला गैंग लगाया गया है।

जबकि कपूर चैराहे से सदर मोड़ तक तथा जिला जज आवास के सामने नाला क्लीनिंग मषीन लगाकर सफाई की जा रही है। नगर पालिका बकरीद के पर्व पर कुबार्नी के लिये रामलीला मैदान के आगे बडे-बडे.गड्ढे बना रही है तथा आसपास सफाई की जा रही है।

# ईओ के सहयोग से मिला आदर्श नगर पंचायत का दर्जाः संतोष

## अधिशाषी अभियंता को दी गई भावपूर्ण विदाई

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर पंचायत को विकास के साथ ही आदर्श नगर का दर्जा अधिशाषी अधिकारी के सहयोग से ही मिल सका है। उक्त बातें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन के प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कही।

स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय पर शुक्रवार को अधिशाषी अधिकारी सुभाषचंद्र सिंह को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी। ईओ का स्थानांतरण कौशाम्बी जनपद के चरवा नगर पंचायत के लिए हो गया। ईओ सुभाषचंद्र सिंह नगर पंचायत के पहले अधिशाषी अधिकारी नियुक्त हुए थे। शासन द्वारा ईओ के स्थानांतरण के बाद अभी किसी की तैनाती नही हो सकी। विदाई समारोह मे चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व सभासदो के साथ ही नपं कर्मचारियों ने ईओ के लगभग चार वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हे स्मृति चिन्ह व बुके भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सभासद रमेशचंद्र कौशल ने किया। अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने ईओ को मंगलकामनाएं दी। आभार प्रदर्शन लिपिक अरविंद मिश्र ने किया। इस मौके पर सभासद रमेष जायसवाल, पप्पू जायसवाल, विमलेष नारायण तिवारी, अनिल पाण्डेय,रावेन्द्र मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, विकास मिश्र, संजय सिंह, पप्पू तिवारी, विजय मिश्र बाबी,आईपी मिश्र, जगदीष नारायण तिवारी, रामलोचन त्रिपाठी, विकास तिवारी आदि रहे।



अधिशाषी अभियंता को विदाई देते अध्यक्ष व कर्मचारीगण।

# पौधों के बिना जीवन सम्भव नहींः डा0 बृजभानु

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इन दिनों शहर व जिले में वृक्षारोपण करने का अभियान चल रहा है। इसी के तहत प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डष्क्टर नीरज कुमार त्रिपाठी और डाक्टर धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नीम, जामुन, पीपल, आम तथा अमरूद आदि के पौधे लगाए। प्राचार्य प्रोफेसर बृजभानु सिंह ने बताया कि पौधों के बिना जीवन सम्भव नहीं है तथा वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण शुद्ध रहता है और बीमारियों का प्रभाव कम रहता है। कोरोना काल में आक्सीजन की कमी को बहुत कुछ वृक्षों ने पूरा किया। हम सबका कर्तव्य है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और पर्यावरण को शुद्ध बनाएं। इस अवसर पर डष्० देवेष सिंह, राकेष सिंह, अजय सिंह, नन्हे मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# एफआईआर में साथी का नाम दर्ज होने पर वकीलों मे आक्रोश, सीओ को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महेशगंज एसओ द्वारा लालगंज कोतवाली में बुधवार की रात हाथापाई तथा सरकारी कामकाज मे बाधा समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज कराए जाने को लेकर शुक्रवार को यहां माहौल गर्म दिखा। घटना में एक अधिवक्ता समेत अधिवक्ता पुत्र तथा भाई का नाम भी दर्ज होने से वकीलों मे आक्रोश पनप उठा। नाराज वकीलों ने साथी अधिवक्ता व परिवार के सदस्यो की नामजदगी गलत ठहराते हुए पुलिस कार्रवाई के विरोध में न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया।

इसके बाद वकीलों का जत्था संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व महामंत्री शेषनाथ तिवारी की अगुवाई में सीओ से मिला। डीएम व एसपी को संबोधित संयुक्त ज्ञापन मे अधिवक्ताओं ने कहा कि महेशगंज पुलिस ने घटना में दर्ज करायी गई एफआईआर में अधिवक्ता शशिकांत मिश्र की नामजदगी गलत की है। वहीं वकीलों ने सीओ से नाराजगी जताई कि एफआईआर मे बार एसोशिएसन के पूर्व अध्यक्ष धनंजय मिश्र की हत्याकांड का तो पुलिस आज तक खुलासा नही कर सकी। एफआईआर मे अफवाहन दिवंगत धनंजय मिश्र के बेटे आदर्श मिश्र व शिक्षक भाई विनीत का नाम भी गलत अंकित करा दिया है। वकीलों ने घटना की जांच कर अधिवक्ता एवं परिवार के सदस्यों के नामजदगी निरस्त कराए जाने पर जोर दिया। सीओ रामसूरत सोनकर ने अधिवक्ताओ को घटना की निष्पक्ष जांच कराकर निर्दोषों पर कार्रवाई न किये जाने का भरोसा दिलाया। अधिवक्ताओं ने प्रशासन को आगाह भी किया कि यदि अनावश्यक उत्पीड़न हुआ तो आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापनदाताओं में उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, उपाध्यक्ष बीके तिवारी, पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, प्रदीप सिंह, धीरेन्द्र शुक्ल, दिनेश सिंह, विकास मिश्र, संदीप सिंह, अजय शुक्ल, धीरेन्द्र मिश्र, आदि रहे। इधर महेशगंज एसओ द्वारा दर्ज करायी गयी एफआईआर को लेकर स्थानीय कोतवाली पुलिस भी आरोपियों की तलाश में सक्रिय देखी गयी। गुरूवार की रात पुलिस ने जलेशरगंज-हरनाहर तथा जनई आदि गांवो मे दबिश देकर आरोपियो को गिरफ्त मे लेने मे मशक्कत भी जारी रखी। हालांकि पुलिस के हत्थे आरोपी शुक्रवार को भी नहीं चढ़ सके। वहीं जलेशरगंज इलाके मे इस घटना को लेकर व्यापारियों तथा लोगों मे भी कई तरह की चर्चा है। लोगों का कहना है कि महेशगंज पुलिस को लालगंज कोतवाली क्षेत्र में दबिश देने के पहले स्थानीय पुलिस को सूचना देनी चाहिये थी। वहीं चर्चा यह भी है कि पहले महेशगंज पुलिसकर्मी सादे लिबास मे पहुंचे और एकाएक एक व्यक्ति को जीप मे लादने लगे तो लोगों मे किसी अनहोनी का भी भ्रम फैल गया। वहीं चर्चा यह भी है कि पुलिस की गिरफ्त मे आये दो एक आरोपियो ने पुलिसिया दबाव मे घटना मे कुछ लोगों का नाम अपनी बचत के लिए पुलिस को बताया है।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक की कानून ब्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए थाना महेशगंज उप निरीक्षक हेमंत कुमार वर्मा अपने हमराही के साथ क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के बहोरिकपुर नहर पुलिया के पास संदीप शुक्ला उर्फ गोलू शुक्ला पुत्र स्व0 दिनेश चन्द्र शुक्ला निवासी गोपाल पाण्डेय का पुरवा, थाना महेशगंज के पास तलाशी के दौरान एकअदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद मिस कारतूस 315 बोर बरामद कर अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 178/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायालय भेज दिया।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ बुजुर्ग को रंजिशन लाठी डंडे से मारने पीटने व धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। तेलियाही गांव के मो. साजिद पुत्र मो. साबिर अली ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती छब्बीस जून को सुबह सात बजे गांव के मो. आरिफ पुत्र मो. युसुफ तथा मो. कैफ पुत्र निसाद अहमद ने रंजिशन उसे घर से बाजार जाते समय रास्ते मे उसके पिता आशिक अली को लाठी डंडे से मारापीटा। आरोपियो ने गाली देते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## देसी शराब बनाने व बेचने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 देवेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र आसपुर देवसरा के ग्राम गौरामाफी से, फर्जी रैपर व क्यूआर कोड लगाकर अवैध अपमिश्रित देसी शराब बनाने/बेंचने वाले दो अभियुक्तों मुन्ना उर्फ धीरेन्द्र सिंह व शेषनाथ हरिजन पुत्र रामलवट को 65 शीशी अवैध अपमिश्रित देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना आसपुर देवसरा पर मु0अ0सं0 180/2022 धारा 272, 273, 419, 420, 467, 468, 471 भादंवि व धारा 60/63 आबकारी अधिनयम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## युवक के साथ महिला बाइक से गिरी, जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जनपद मुख्यालय से युवक के साथ बाइक पर बैठकर आ रहे हैं महिला बाइक के असंतुलन हो जाने पर बाइक से नीचे गिर गई जिससे उसे गंभीर चोटें आई राहगीरों की मदद से उसे एंबुलेंस द्वारा सीएचसी लाया गया जहां पर इलाज चल रहा है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मोलनापुर गांव की रहने वाली खुसवुल (25) वर्ष पत्नी जावेद घर से दवा लेने के लिए जिला मुख्यालय गई हुई थी। जहां से दवा लेकर वह वापस घर आ रही थी कि अभी वहां ढाई बजे के आसपास आनापुर के पास पहुंची थी कि बाइक का संतुलन खो जाने से वह बाइक से सड़क पर गिर गई। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। यह देख आसपास के लोग मौके पर आए महिला को एंबुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया जहां पर इलाज चल रहा है।

# लोकसभा के कमजोर बूथों को सरल ऐप के माध्यम से साधेगी भाजपा

## प्रत्येक विधानसभा में 10 सदस्यीय टीम का गठन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 को लक्ष्य करते हुए संपूर्ण भारत के समस्त लोकसभा क्षेत्र में अपनी रणनीति को मजबूत करते हुए कमजोर बूथों को उनकी कमजोरी पर ध्यान देने के लिए सरल ऐप के माध्यम से बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया है, जिसमें प्रतापगढ़ जनपद में कमजोर बूथों पर जनसंपर्क के लिए लोकसभा क्षेत्र में 30 सदस्यीय तथा प्रत्येक विधानसभा में 10 सदस्यीय टीम का गठन किया है। इस अभियान के जिला संयोजक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने आईटी विभाग जिला संयोजक पंकज सिंह एवं उनकी आईटी टीम के साथ विधानसभा क्षेत्र पट्टी, रामपुर खास, विश्वनाथगंज की टीम के साथ समीक्षा बैठक कर अभियान की प्रगति एवं अभियान की ससमय सफलता के लिए कार्यकताओं को प्रोत्साहित किया। बैठक के दौरान रामचरित्र, शिव कुमार, रविशेष, हरिनारायण, अशोक कुमार, संजय सिंह, आलोक, मुरली, अशोक मिश्रा, विक्रांत, शैलेंद्र, अभिषेक, अश्वनी, विपिन गुप्ता, अंकित, पंकज आदि उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक में मौजूद भाजपा पदाधिकारीगण।

# चोक नाली की कराई गई सफाई

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत जनवामऊ के अन्सारगंज बाजार में शुक्रवार को समाज सेवा मनोज सिंह ने बकरीद व कावरिया को मद्देनजर रखते हुए अपने खुद के पैसे से मजदूरों को लगाकर चोक हुई नालियों की साफ सफाई कराया। जब कि ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी की नियुक्ति है फिर भी गंदगी का साम्रज्य फैला हुआ है।जब कि बरसात का मौसम शुरू हो गया लेकिन अभी तक अन्सारगंज बाजार की चोक हुई नालियों गन्दगी से भरी हुई है जो पास से गुजरते समय बदबू दे रहा है।यदि सफाई कर्मियों की टीम भेजकर बाजार की नाली की साफ सफाई हो जाये तो वारिश में लोगो को परेशानी से छुटकारा मिल सकता है। स्थानीय लोगो ने बीडीओ कालाकाकर अपर्णा सैनी व एडीओ पंचायत संतोष कुमार शुक्ला का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## करंट की चपेट में आने से किशोर की दर्दनाक मौत

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के करीम नगर चैसा गांव निवासी बब्बू पुत्र दिलदार का बेटा गुड्डू (15) वर्षीय अपने साथियों के साथ गुरूवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे डीजे चेक कर रहा था। इसी दौरान डीजे मे करंट उतर आने से गुड्डू करंट की चपेट मे आ गया। आस पास के लोगों ने उसे आनन फानन मे कुण्डा सीएचसी ले गए, जहाँ पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गुड्डू की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान चैसा विष्णु धर मिश्र उर्फ बाबा बैताली को दी। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने षव की लिखा पढ़ी कर पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया।

# हिस्ट्रीशीटर पर आरोपियो ने बोला जानलेवा हमला, जिला मेडिकल कालेज रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के मेढावां गांव मे रंजिशन हिस्ट्रीशीटर और टाप टेन अपराधी की पिटाई को लेकर शुक्रवार को पुलिस हलाकान हो उठी। हालांकि गंभीर रूप से चुटहिल हिस्ट्रीशीटर को स्थानीय ट्रामा सेंटर मे प्रारंभिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेढावां गांव का पंचलाल वर्मा थाने के रिकार्ड मे हिस्ट्रीशीटर है वह कोतवाली के टाप टेन अपराधियो की फेहरिस्त मे भी शामिल है। गुरूवार को देर रात पंचलाल को उसके घर के समीप लाठी डंडे से पीटकर आरोपियो ने गंभीर रूप से चुटहिल कर दिया।

शुक्रवार की सुबह गंभीर रूप से घायल पंचलाल को परिजन इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले आये तो अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कमलेश पाल अस्पताल पहुंच गये। पुलिस की देखरेख मे घायल का ट्रामा सेंटर मे प्रारंभिक उपचार हुआ। ज्यादा चोटें देख चिकित्सकों ने उसे प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि घटना को लेकर घायल पंचलाल की पत्नी संगीता वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सात जुलाई की रात आठ बजे गांव के सुरेश कोरी पुत्र रामनाथ, अभी पुत्र सुरेश, अम्बिका प्रसाद, रामनरेश सुत रामभरोस उसके घर आये और पंचलाल को जान से मार देने की धमकी देते चले गये। पीडिता ने दी गई तहरीर मे कहा है कि पंचलाल घर के सामने चारपाई पर सोया था। रात करीब बारह बजे वह शौच के लिए घर से निकली तो चारपाई पर पंचलाल को नदारद देखा। परिजनो ने रात भर पंचलाल की खोजबीन की किंतु उसका पता नही चल सका। शुक्रवार की सुबह घर के समीप परिजनों ने पंचलाल को खून से लथपथ देखा तो आवाक रह गये। इधर ट्रामा सेण्टर मे पुलिस को दिये गये बयान मे पंचलाल का कहना है कि वह रात मे इलाज के लिए पडोसी जिले रायबरेली चला गया था। पंचलाल के बयान और उसकी पत्नी की तहरीर को लेकर पुलिस गुत्थी सुलझाने मे मशक्कत मे जुटी हुई देखी गयी। हिस्ट्रीशीटर होने के कारण पंचलाल पुलिस की पहुंच से दूर रहने के लिए बाहर रहा करता था। वह लुक छिपकर बीच बीच में घर आया जाया करता था। वहीं गांव मे चर्चा के मुताबिक हाल ही मे पंचलाल का रुपए के लेनदेन को लेकर कुछ लोगों से विवाद भी हुआ था। पुलिस भी दबी जुबान से विवाद की वजह नशाखोरी बता रही है। फिलहाल थानाध्यक्ष कमलेश पाल का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है, दोषियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बदमाशों ने बाइक छीनने का किया प्रयास, पहचानने पर छोड़ा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर से रिश्तेदारी की तरफ जा रहे दो बाइक सवारो को सुनसान जगह देखकर तीन बदमाशों ने तो रोक लिया और बाइक छीनने का प्रयास किया लेकिन दोनों राहगीरों ने उन्हें पहचान लिया जिस पर बदमाशों ने हिदायत देकर दोनों को छोड़ दिया। इस संबंध में पट्टी कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरेभीखा गांव के रहने वाले बृजेंद्र प्रताप उर्फ चंदन पटेल पुत्र भानु प्रताप अपने साथी शिव मंगल के साथ महदहा रोड पर जा रहा था। रास्ते में सुनसान स्थान देखकर गांव के ही रहने वाले तीन लोगों ने दोनों को रोक लिया और गाली गलौज करते हुए बाइक छीनने का प्रयास करने लगे तब तक दोनों बाइक सवारों ने बदमाशों को पहचान लिया।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से तीन थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से दो कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नीरज पुत्र शारदा प्रसाद निवासी परई थाना पश्चिम शरीरा को एक अदद नाजायज चाकू के साथ चकगुरैनी मोड़ थाना क्षेत्र पश्चिम शरीरा से गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहनों का 150 ई-चालान किया गया तथा 07 वाहनों को सीज किया गया।

# डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के सभापति पद पर शिव मोहन मौर्या हुए निर्विरोध निर्वाचित

**अखंड भारत संदेश**

**पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता पूर्व विधायक दीपक पटेल पूर्व विधायक विक्रमादित्य मौर्या सहित तमाम लोगों ने दी बधाई**



**अझुवा कौशाम्बी।** डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक इलाहाबाद के सभापति का चुनाव निर्वाचन अधिकारी उप कृषि निदेशक विनोद कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ है चुनाव डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक इलाहाबाद कार्यालय परिसर में हुआ उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग लखनऊ के निर्देश पर कराए गए चुनाव में डिस्टिक को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड इलाहाबाद के सभापति अध्यक्ष के रिक्त पद पर शिव मोहन मौर्या निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं निर्विरोध निर्वाचित होने पर उन्हें माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है अभी तक अमरनाथ मौर्या डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के सभापति थे लेकिन उन्हें इस पद से हटना पड़ा और कार्यवाहक अध्यक्ष के नाम पर भूपेंद्र सिंह बनाए गए थे उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग लखनऊ के निर्देश पर कराए गए चुनाव में शिव मोहन मौर्या निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं उनके सामने किसी ने नामांकन नही दाखिल किया है इस निर्विरोध निर्वाचन की जानकारी सुनील चंद्र श्रीवास्तव सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने दी है इस मौके पर पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता पूर्व विधायक दीपक पटेल पूर्व विधायक विक्रमादित्य मौर्या लल्ले सिंह देवेंद्र प्रताप सिंह बेला सिंह सत्यम शिवम अजय सिंह रामधनी राम चंद्र रेनू सिंह बेला कली आकांक्षा सोनकर ओमप्रकाश कुशवाहा लव-कुश मौर्या सहित तमाम लोगों की मौजूदगी में चुनाव हुआ और उपस्थित लोगों ने शिव मोहन मौर्या को बधाई दी है।

# नगर पालिका में तालाब की खुदाई व मिट्टी पटाई में लाखों का झोल!

**अखंड भारत संदेश**

**बिना स्टीमेट तालाबों की हो गई खुदाई, न टेंडर न कोटेशन मिट्टी पटाई में करोड़ो खर्च**

**कौशाम्बी।** नगर विकास योजनाओं में नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा खुलेआम धांधली की जा रही है नगर पालिका मंझनपुर में तालाब की खुदाई व मिट्टी पटाई के नाम पर लीपापोती हो रही है। मिट्टी पटाई व तालाब की खुदाई का कोई स्टीमेट नहीं बनाया गया है, न ही कोटेशन या टेंडर निकाला गया है। इसके बावजूद नगर पालिका में तालाब की खुदाई व मिट्टी पटाई के नाम करोड़ो रुपए खर्च कर दिए गए। अफसरों ने मनमाने तरीके से तालाब खुदाई कराकर उसी मिट्टी से ही पटाई का कार्य किया भी किया हैं। मंझनपुर नगर पालिका परिषद में विकास योजनाओं में जमकर धांधली की जा रही है। गुणवत्ता विहीन कार्यो को आल इज वेल दिखा कर विकास योजनाओं की रकम में बन्दरबांट किया जा रहा है। नगर पालिका में अफसरों ने पार्किंग स्थल, नगर पालिका कार्यालय,व डायट मैदान में मिटाई पटाई व तालाब खुदाई के नाम पर लाखों का झोल किया है। आरोप है कि मोटी रकम बचाने के लिए नगर पालिका के अफसरों ने बिना टेण्डर व स्टीमेट के दो तालाब की खुदाई खुद ही करवा डाला है। कस्बाईयों कहना है कि मोटी रकम खुद हड़पने के लिए अफसरों ने तालाब खुदाई व मिट्टी पटाई के लिए टेंडर नहीं निकाला है, न ही कोटेशन लिया है। अफसर अपने चहेतों को लगाकर कार्य करा रहें है। आरोप है कि मिट्टी पिटाई व तालाब की खुदाई में घालमेल कर लाखो रुपए का पेमेंट निकाल लिया गया है। सूत्रों का कहना है कि बारिश होते ही तालाब की खुदाई व मिट्टी पटाई में धांधली के कोई साक्ष्य नहीं मिलेगी। इस बाबत ईओ मंझनपुर का कहना है कि तालाब खुदाई का स्टीमेट बना हुआ है इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है,जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### तहसील सभागार में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन



**कौशाम्बी।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आभा पाल की अध्यक्षता में तहसील सिराथू सभागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में उपस्थित जनमानस को अनुसूचित अनुसूचित जनजाति एवं ट्रान्सजेण्डर के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। उप जिलाधिकारी सिराथू तथा अध्यक्ष तहसील बार एसोसिएशन बलेन्द्रधर त्रिवेदी ने सरकार द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं ट्रान्सजेण्डर के कल्याण के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम एवं ट्रान्सजेण्डर संरक्षण अधिनियम के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

### आंगनवाड़ी में बांटा गया पोषाहार



**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लाक के अफ्जलपुर वारी गाव में आगनबाडी कार्यकत्री राजकली देवी वा ग्राम प्रधान जीशान अहमद द्वारा 3 वर्ष से कम उम्र के सभी पात्र बच्चो व गर्भवती महिलाओ वा धात्रि महिलाओ को पोषाहार बाटा गया आंगनवाड़ी केंद्र में बांटे जाने वाले सामान में एक किलो चना की दाल तेल दरिया का बितरण सभी बच्चों गर्भवती वा धात्री महिलाओं को किया गया है।

### विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा शिक्षक

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशांबी क्षेत्र के एक विद्यालय में तैनात एक शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह सही ढंग से नहीं कर रहा है। आरोप है कि वह मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में अधिक समय देते हैं। समाजसेवी ने इसकी शिकायत बीएसए से की है। शिकायत पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच करा कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। समाजसेवी आदित्य कुमार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह से गुरुवार को शिकायत किया बीआरसी कौशांबी क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जुगराजपुर में अवधेश कुमार शिक्षक पद पर कार्यरत है। शिक्षक पद पर तैनाती के बावजूद वह मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल का भी संचालन कर रहे हैं। जबकि शासनादेश के मुताबिक शिक्षक पद पर कार्यरत रहते हुए दूसरे स्कूल का संचालन वह नहीं कर सकते शिकायतकर्ता का आरोप है कि वह अधिक समय मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में देते हैं स्कूल में निर्धारित समय पर वह नहीं पहुंचते है जिससे सरकारी स्कूल का पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने पूरे प्रकरण की जांच करा कर आवश्यक कार्वाई करने का अश्वासन शिकायतकर्ता को दिया है।

# डीएम ने की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा

**ससुर खदेरी नदी को पुनर्जीवित करने के कार्य में लापरवाही बरतने पर अधिशासी अभियंता सिंचाई एंव खण्ड विकास अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश, निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयान्तर्गत तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**



समीक्षा बैठक में निर्देशित करते डीएम



समीक्षा बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ उदयन सभागार में विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की बैठक में जिलाधिकारी ने ससुर खदेरी नदी को पुनर्जीवित करने के कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्ययोजना बनाने में लापरवाही बरतने पर अधिशासी अभियंता सिंचाई का वेतन रोकने के साथ ही एईएमआई डीसी मनरेगा एवं ससुर खदेरी नदी के अन्तर्गत आने वाले 06 विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 04 दिन के अन्दर कार्ययोजना बनाकर उपलब्ध कराया जाय उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटवायें अन्यथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही की जायेंगी उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयान्तर्गत तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी निर्माण कार्यों को विशेष ध्यान देकर पूर्ण करवाने के निर्देश दिये बैठक में हर-घर तिरंगा कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला विकास अधिकारी ने बताया कि तिरंगा बनाने हेतु 277 स्वयं सहायता समूहों को चिन्हित कर प्रशिक्षण दिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को डीपीआरओ जिलापूर्ति अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को लक्ष्य आवंटित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम का फ्लैक्सी एवं वाल पेन्टिंग आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को शेष रह गये 06 सामुदायिक शौचालयों एवं 03 पंचायत भवनों के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओ का निराकरण कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये उन्होने निराश्रित गौवंश की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को सहभागिता योजना के तहत पशु चिकित्साधिकारी को लक्ष्य आवंटित कर प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में जिन योजनाओं में डी श्रेणी दिया जायेगा उस विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर लापरवाही बरतने के कारण प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों के स्तर पर अभी भी ग्राम पंचायतों की जॉच लम्बित है वे सभी अधिकारी एक सप्ताह के अन्दर जॉच कर आख्या उपलब्ध करायें उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को विद्यालय गोद दिये गये हैं वे आगामी 02 दिन के अन्दर निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध करायें। मुख्य विकास अधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से कहा कि श्रम विभाग द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही हैं इनका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय जिससे अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सकें जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण झटपट पोर्टल प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पशुओं का टीकाकरण नहरों में टेल तक पानी पहुँचाने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मुख्यमंत्री आवास योजना दुग्ध समितियों का गठन सहित आदि योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतो को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाय बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मजार पर दर्द भरी बेड़ियों से जकड़े मानसिक रोगी युवक, जिला प्रशासन खामोश!

**अखंड भारत संदेश**

**परिजनों को लगता है कि इनके ऊपर किसी अदृश्य ताकत का साया है। और मजार पर जंजीर से बांध देने से वो ठीक हो जाएगा**



जंजीरों में जकड़ा मानसिक रोगी

**कौशांबी।** जिले में मानसिक रूप से बीमार युवकों को जाली वाले बाबा के नाम से चर्चित मजार पर लोहे की मोटी जंजीर से जानवरों की तरह बांधा गया है। इनको किसी और ने नहीं बल्कि खुद परिजनों ने ही जंजीरों से जकड़ा है। परिजनों को लगता है कि इनके ऊपर किसी अदृश्य ताकत का साया है। और मजार पर जंजीर से बांध देने से वो ठीक हो जाएगा। चायल तहसील के मिनहाजपुर गाँव मे कई युवक बेबसी की बेड़ियों से जकड़े हुए हैं। ये पैरों में लोहे की जंजीरों के साथ रात दिन यहां बंधे रहते हैं। चिलचिलाती धूप हो या फिर बरसात ये मजार में बनी जाली से ही बंधे नजर आते हैं। इनको यहीं खाना-पानी दिया जाता है। अगर मानसिक रोगी उत्तेजित होता है तो बांस की कैन से उनकी पिटाई की जाती है। लगातार जंजीर से बंधे रहने पर इनके पैरों में सूजन आ गई है। लेकिन इनकी सुनने वाला कोई नहीं। इतना सब कुछ परिजन इस उम्मीद पर सहते हैं कि उनके अपने यहां से ठीक हो कर घर जाएंगे। इस डिजिटल दौर में भी सब कुछ हो रहा है, लेकिन जिला प्रशासन है कि इस ओर देखना भी गवारा समझ रहा। अब इनको यहां से छुटकारा कौन दिलाएगा, यह बड़ा सवाल है।

# सरकारी भूमि पर बनी मार्केट घर बनाने की हो रही तैयारी

**अखंड भारत संदेश**

**अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत और लेखपाल की सांठगांठ से सरकारी भूमि पर हुआ कब्जा**

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** अपर जिला अधिकारी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में पूरब पश्चिम शरीरा के राम गोविंद पांडे ने कहा है कि सरकारी भूमि पर मार्केट बना ली गई है और शेष जमीन पर घर बनाने की तैयारी है अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह और लेखपाल पर उन्होंने घूस खोरी कर सरकारी जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी भूमि की सुरक्षा करने वाले लोग ही काली कमाई के चक्कर में सरकारी भूमि पर कब्जा करवा रहे हैं लेकिन सरकारी भूमि पर कब्जा करवाने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है मामला नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के नागचौरी का है जहां पूरब शरीरा से बैश काटी जाने वाले मुख्य सड़क के किनारे करोड़ों कीमत की बेशकीमती सरकारी भूमि पर एक परिवार के 4 लोगों ने कब्जा करके दुकानें बना ली हैं अब पीछे शेष बची सरकारी भूमि पर कब्जा करने के बाद घर बनाना शुरू है सरकारी भूमि पर कई महीने से निर्माण किए जाने के मामले में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत और लेखपाल पर कब्जा धारकों घूसखोरी का आरोप है लेखपाल और अधिशासी अधिकारी पर मोटी रकम वसूली कर सरकारी जमीन कब्जा कराए जाने का आरोप है जिससे करोड़ों की सरकारी भूमि पर कब्जा हो चुका है सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले और उस जमीन पर कब्जा करवाने वाले सरकारी नुमाइंदों पर कार्यवाही किए जाने की मांग एडीएम प्रशासन से शिकायतकर्ता ने की है अब सवाल उठता है कि सरकारी संपत्ति को खाली करवाने के लिए योगी सरकार का बुलडोजर कब चलेगा।

# नगर पालिका के सभी गांव एक तहसील में किए जाएं शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**सरकारी कार्यो के लिए नगर पालिका मंझनपुर और भरवारी के गांव क्षेत्र के लोगों को सिराथू तहसील क्षेत्र का काटना पड़ रहा है चक्कर**

**कौशांबी।** शासन ने जिले में भरवारी और मंझनपुर दो नगर पंचायतों के तमाम गांव को शामिल कर नगर पालिका परिषद घोषित कर दिया है लेकिन दोनों नगर पंचायत को नगर पालिका घोषित किए जाने के वर्षो बीत जाने के बाद आम जनता को आने वाली तमाम कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास जिम्मेदार अधिकारियों ने नहीं किया है जिससे आम जनता को तमाम दिक्कतों से जूझना पड़ता है बताते चलें कि नगर पालिका परिषद मंझनपुर में सिराथू तहसील क्षेत्र के तमाम गांव को शामिल किया गया है जिससे नगर पालिका मंझनपुर में शामिल गांव क्षेत्र के किसानों को खसरा खतौनी नकल आदि तहसील के कार्यों के लिए 15 किलोमीटर दूर चक्कर लगाना पड़ता है नगर पालिका परिषद मंझनपुर तहसील मंझनपुर के आधीन आती है जबकि नगर पालिका में शामिल गांव के लोग नगर पालिका परिषद मंझनपुर के निवासी है जिससे सरकारी कार्यों के लिए नगर पालिका मंझनपुर के गांव क्षेत्र के लोगों को सिराथू तहसील क्षेत्र का चक्कर काटना पड़ रहा है। इसी तरह नगर पंचायत भरवारी में सिराथू तहसील क्षेत्र के तमाम गांव को शामिल कर नगर पालिका परिषद भरवारी की घोषणा कई वर्ष पूर्व कर दी गई नगर पंचायत भरवारी पहले से चायल तहसील में शामिल थी लेकिन नगर पालिका परिषद बनाए जाने के बाद नगर पालिका के निवासियों को एक तहसील में नहीं शामिल किया गया है जिसे नगरपालिका के लोगों को सिराथू और चायल दो तहसील का चक्कर काटना पड़ रहा है जिसके चलते नगर पालिका परिषद भरवारी के गांव क्षेत्र के किसानों को सबसे अधिक दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है यह कैसी सरकारी विडंबना है कि एक नगरपालिका क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को दो-दो तहसील का चक्कर काटना पड़े इस पर शासन से लेकर अधिकारियों तक को मामले को संज्ञान लेना होगा और दोनों नगरपालिका क्षेत्र को एक तहसील क्षेत्र में शामिल करना होगा।

## युवक पर चाकू से हमला

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के भैरव भीटी गांव में डीजे की धुन पर नाच रहे एक युवक पर चाकू से हमला किया गया है घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहाँ उसका उपचार चल रहा है। घटना क्रम के मुताबिक उमेश कुमार पुत्र स्वर्गीय अदालती प्रसाद निवासी ग्राम पट्टी परवेजा बाद बड़े गांव थाना कोखराज गुरुवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने चरवा थाना अंतर्गत भैरव भीटी गांव गए थे कार्यक्रम में डीजे के धुन पर उमेश कुमार नाच रहे थे किसी बात को लेकर उनका विवाद हो गया और इतने में उन पर चाकू से हमला कर दिया गया है उनके पेट में चाकू के वार से गहरे जख्म हो गए हैं जैसे ही युवक पर चाकू से हमला हुआ है भीड़ में हड़कंप मच गया आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है।

# अवैध निर्माण रोकने के बाद निर्माण पर बुलडोजर चलाकर नहीं किया गया धराशाही

**अखंड भारत संदेश**

**शातिर ने प्रशासन को गुमराह कर शुरू किया था मंझनपुर कोतवाली के सामने सरकारी भूमि पर कब्जा, पूर्व में सरकारी जमीन के कब्जे पर तत्कालीन डीएम ने बुलडोजर चलाकर खाली कराई थी सरकारी भूमि**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के ठीक सामने प्रशासन को गुमराह कर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के बाद अधिकारियों ने अवैध निर्माण रोक दिया है लेकिन प्रशासन को गुमराह कर सरकारी भूमि पर अर्ध निर्मित भवन खड़ा कर दिया गया है जिस पर अवैध कब्जा धारक अपना हक जता रहा है सरकारी भूमि पर जो निर्माण किया गया है उसे अभी तक अवैध कब्जा धारक और प्रशासन ने धराशाही नहीं किया है इतना ही नहीं सरकारी भूमि पर बेखौफ तरीके से कब्जा करने वाले कब्जा धारक पर मुकदमा लिखा कर उसकी अभी तक गिरफ्तारी नहीं कराई गई है जिससे तहसील प्रशासन और नगर पालिका मंझनपुर के अधिशासी अधिकारी पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं।

मंझनपुर कोतवाली के ठीक सामने सरकारी जमीन पर एक शातिर ने योजनाबद्ध तरीके से अधिकारियों को गुमराह कर कब्जा शुरू कर दिया था मामले को लेकर नगर पालिका और तहसील प्रशासन लगातार जिलाधिकारी और शासन को गुमराह करता रहा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत समाचार पत्र के माध्यम से शासन प्रशासन से हुई तब तक अवैध कब्जा धारक ने अर्ध निर्मित भवन सरकारी भूमि पर खड़ा कर दिया शिकायत के बाद अवैध निर्माण पर रोक लगा दी गई लेकिन तब तक जो निर्माण हो चुका है उसे धराशाई कर कब्जा करने वाले पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी नहीं कराई गई है जिससे एक बार फिर नगर पालिका और तहसील प्रशासन के निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं

बताते चले कि 10 वर्षो पूर्व अभिलेखों में हेराफेरी कर कौड़ियों के भाव जमीन खरीदने वाले शातिर ने प्रशासन को गुमराह कर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया था लेकिन तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता के चलते सरकारी जमीन पर उसका कब्जा होने के बाद जांच के दौरान गलत पाए जाने पर बुलडोजर चलाकर अधिकारियों ने सरकारी जमीन खाली करा दी थी लेकिन दो महीने पहले फिर शातिर ने अधिकारियों को गुमराह कर दिया और जिस जमीन पर बुलडोजर चलाया गया था उसी भूमि पर फिर दो महीने पहले बेखौफ होकर कब्जा शुरू हो गया बताते चलें कि विक्रेता अब्दुल कलाम आदि ने अपना आवास बनाने के बाद अपनी संपूर्ण संपत्ति 3 दशक पूर्व बिक्रय कर दिया था अंतिम बैनामा छितानी लाल का किया गया था जिसके चौहद्दी में पश्चिम दिशा में ग्राम समाज की भूमि भी दर्ज है लेकिन उसके बाद भी तत्कालीन नगर पंचायत ने छितानी लाल की भूमि पर हो रहे निर्माण में यह कहकर रोक लगाई थी कि छितानी लाल का निर्माण सरकारी भूमि पर है लेकिन बाद में अदालत से छितानी लाल मुकदमा जीत गए और अपने जमीन पर काबिज हो गए हैं उनके मुकदमे के बाद यह साबित हो गया छितानी लाल के बगल में ग्राम समाज की जमीन है छितानी लाल के मुकदमा जीत जाने के दो दशक बाद तक ग्राम समाज की जमीन सरकार के कब्जे में खाली सुरक्षित पड़ी रही लेकिन अचानक अब्दुल कलाम की नियत खराब हुई और उन्होंने जिस हिस्से पर अपना मकान बनाया था उस जमीन का दाखिल खारिज स्वाभाविक तौर से नहीं हुआ था इसलिए वह जमीन उनके नाम अभिलेखों में दर्ज थी और बद नियति के चलते उन्होंने अभिलेखों की भूमि को अपनी बताते हुए बगल में पड़ी खाली सरकारी भूमि को दिखाकर फिर एक और बैनामा कर दिया यहीं पर खरीददार और विक्रेता ने धोखाधड़ी फ्राड किया है और बैनामा लेने वाले व्यक्ति को छितानी लाल के पश्चिम दिशा में खाली पड़ी सरकारी जमीन पर कब्जा दे दिया सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जे का खेल होता रहा अधिकारी बेखबर रहे खरीददार ने सरकारी भूमि पर निर्माण शुरू किया जिसका विरोध हुआ जांच के दौरान आनन-फानन में टीन शेड डालकर खरीददार ने जमीन कब्जा कर लिया लेकिन जांच के दौरान खरीददार की धोखाधड़ी उजागर हुई और तत्कालीन जिलाधिकारी के निर्देश पर खरीददार के भवन को बुलडोजर लगाकर धरा शाही करा दिया गया।

बीते 10 वर्षो से खरीददार अपनी जमीन भूल चुका था लेकिन दो महीने पहले तहसील और नगर पालिका मंझनपुर के अधिकारियों से सांठगांठ के बाद फिर खरीददार ने उसी सरकारी जमीन पर कब्जा शुरू कर दिया और प्रशासनिक अधिकारी यह समझ रहे थे कि जमीन बनाने वाला अपनी खरीदी भूमि पर जमीन बना रहा है मामले की शिकायत हुई प्रशासन जागा और अवैध निर्माण पर रोक तो लगा दिया लेकिन इस बीच सरकारी भूमि पर जो अर्ध निर्मित भवन खड़ा हो गया उस अर्ध निर्मित भवन को बुलडोजर लगाकर अभी तक धरा शाही नहीं किया गया है सरकारी जमीन पर अर्ध निर्मित भवन खड़ा करने के बाद कब्जा धारक पर अपना हक जता रहा है जिससे नगर पालिका मंझनपुर और तहसील प्रशासन की साठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता मामले को शासन प्रशासन को गंभीरता से लेना होगा और सरकारी संपत्ति को सुरक्षित करना होगा।

## दहेज हत्या के अभियुक्तों को 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से थाना सराय अकिल पर पंजीकृत डीपी एक्ट के मुकदमे के तीन अभियुक्त सर्वेश कुमार पुत्र मुन्नीलाल व मुन्नी लाल पुत्र मन्नी लाल व नत्थी देवी पत्नी मुन्नी लाल निवासीगण ग्राम मोहीद्दीनपुर थाना सराय अकिल को न्यायालय एडीजे एफटीसी प्रथम द्वारा अभियुक्त सर्वेश कुमार उपरोक्त को 14 वर्ष सश्रम कारावास तथा अभियुक्त मुन्नी लाल व नत्थी देवी को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास साथ ही प्रत्येक अभियुक्त को 15 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# शिंजो आबे की हत्या, विश्व के लिए झटका

दीपक कुमार त्यागी

**शुक्रवार** की सुबह जब हम लोग अपने दैनिक कार्यों को शुरू करने की तैयारी कर रहे थे, तब ही देश की राजधानी दिल्ली से लगभग 5507 किलोमीटर दूर जापान के नारा शहर में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को गोली मारने देने की झकझोर देने वाली घटना घटित हो गयी। चंद मिनटों में ही यह खबर पूरी दुनिया में फैल गयी। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल जापान के बेहद लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे आखिर जिंदगी की यह जंग हार गये। विश्व के सबसे ताकतवर व विभिन्न महत्वपूर्ण राजनीतिक मंचों को सुशोभित करने वाला एक अनमोल हीरा अचानक ही क्रूर काल का ग्रास बनकर यूं एक ही पल में घटित गोलीबारी के हमले के चलते असमय दुनिया को अलविदा कह गया। अब दुनिया में शिंजो आबे की केवल अनमोल यादें ही शेष रह गयी हैं। हालांकि जापान के साथ-साथ विशेषकर भारत व दुनिया में जापान के सभी मित्र देशों के लिए भी यह एक बहुत बड़ी क्षति है। क्योंकि आज शिंजो आबे जैसी बुद्धिजीवी शख्सियत, शानदार कार्यशैली वाले, दूरदर्शी व उच्च विचार वाले राजनेताओं का विश्व पटल पर जबरदस्त रूप से अभाव है। आपको बता दें कि जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को पश्चिमी जापान के नारा शहर में चुनावी भाषण देने के दौरान पत्रकार बनकर आये एक हमलावर शख्स ने पीछे से दो गोली गर्दन व सीने में मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना के बाद जापान के मीडिया हाउस 'एनएचकेह्ल ने इस घटना का एक वीडियो फुटेज प्रसारित किया था, जिसमें शिंजो आबे को गोली लगने के बाद सड़क पर स्पष्ट रूप से गिरते हुए देखा जा सकता है और कई सुरक्षाकर्मी उनकी ओर भागते हुए देखे जा सकते हैं। शिंजो आबे जब जमीन पर गिरे तो उन्होंने अपने सीने पर हाथ रखा हुआ था तथा उनकी कमीज पर खून लगा हुआ देखा गया था। हालांकि पुलिस ने तत्काल फुर्ती दिखाते हुए भागते हुए संदिग्ध हमलावर 41 साल के तेत्सुया यामागामी को तत्काल ही मौके से गिरफ्तार कर लिया और हमले में इस्तेमाल हुई एक कैमरा का रूप दी गयी देसी शॉटगन को भी तुरंत ही घटनास्थल बरामद कर लिया है। जापान टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार यह हमलावर जापान की समुद्री सेना का पूर्व सैनिक रहा है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की अब पूछताछ जारी है और हत्याकांड की मुख्य मंशा क्या थी इसके लिए जांच जारी है।




भारत के साथ-साथ दुनिया में भी शिंजो आबे को इंडो-पैसिफिक और क्वाड में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए हमेशा याद रखा जायेगा। लेकिन आज भारत ने अपने सच्चे मित्र शिंजो आबे को हमेशा के लिए खो दिया, हम भारतवासी शिंजो आबे को कोटि-कोटि नमन करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

शिंजो आबे पर यह जानलेवा हमला 8 जुलाई 2022 शुक्रवार के दिन जापान के स्थानीय समयानुसार दिन में लगभग 11:30 बजे के आसपास हुआ था यानी हमला भारतीय समयानुसार प्रातः 8:00 बजे के लगभग हुआ था। हालांकि इस हमले के तुरंत बाद ही जमीन पर गिरे हुए खून से लथपथ शिंजो आबे को बेहद गंभीर हालत में पास के नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में उनके जीवन को बचाने के लिए चिकित्सकों ने भरसक प्रयास किये, लेकिन मीडिया सूत्रों के अनुसार गोली लगने के बाद उनको दिल का दौरा भी पड़ गया था, जिसके चलते शिंजो आबे की हालत बेहद गंभीर हो गयी थी। यहां आपको यह भी बता दें कि जापान में रविवार को उच्च सदन के चुनाव होने हैं, इसके चलते ही शिंजो आबे वहां पर लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में सड़क के पास चुनावी भाषण देकर के चुनावी प्रचार कर रहे थे। गोली लगने के बाद से ही शिंजो आबे के जीवन की रक्षा के लिए दुनिया में उनके शुभचिंतकों के द्वारा सर्वशक्तिमान ईश्वर से विशेष प्रार्थना की जा रही थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस झकझोर देने वाली घटना पर सुबह ट्वीट किया था उन्होंने लिखा- मेरे प्यारे दोस्त शिंजो आबे पर हुए हमले से बहुत व्यथित हूं। हम सब की प्रार्थना उनके, उनके परिवार व जापान के लोगों के साथ हैं। लेकिन ईश्वर की इच्छा पर किसी भी व्यक्ति का कोई बस नहीं चलता है, शिंजो आबे इलाज के बाद भी जिंदगी की यह जंग हार गये। "हालांकि दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक माने जाने वाले जापान में बेहद लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे पर हमले की यह दर्दनाक घटना विश्व की सभी तेजतर्रार सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी एक बेहद हैरान करने वाली व चुनौतीपूर्ण घटना है। क्योंकि जापान में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है, वहीं हथियारों की होड़ पर लगाम लगाने के लिए जापान की सरकार ने बंदूक नियंत्रण के सख्त कानून लागू कर रखें हैं, उसके बावजूद भी शांतिप्रिय जापान में एक पूर्व नौसैनिक के द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या की घटना का घटित हो जाना चिंताजनक है।" जापान में अपनी लोकप्रियता के दम पर एक के बाद एक करके लगातार चुनावों में जीत हासिल करने वाले शिंजो आबे ने देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने के अपने चाचा के रिकार्ड को तोड़ने का कार्य किया था। लेकिन वर्ष 2020 में शिंजो आबे ने खराब स्वास्थ्य की वजह से जापान के प्रधानमंत्री पद से बड़े भारी मन से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि उस वक्त शिंजो आबे को जल्दी-जल्दी अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा था। प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद भी जापान की जनता के बीच शिंजो आबे बेहद लोकप्रिय थे। वह भारत में भी काफी लोकप्रिय हैं, जिसके चलते ही वर्ष 2021 में शिंजो आबे को भारत सरकार ने हिंदुस्तान के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' से सम्मानित करने का कार्य किया था। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ घटित इस दुखद घटना से जितना दुखी जापान की जनता है, भारत के लोगों भी उतना ही दुखी हैं। क्योंकि शिंजो आबे एक ऐसे राजनेता थे जिन्होंने भारत व जापान के आपसी संबंधों को हर परिस्थिति में बेहद मजबूती प्रदान करते हुए बुलंदियों पर पहुंचाने का कार्य किया था, उन्होंने हमेशा भारत की विकास यात्रा में अपना अनमोल योगदान देने का कार्य किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी दोस्ती के चर्चे तो पूरी दुनिया में होते थे। शिंजो आबे पीएम नरेंद्र मोदी को अपना बेहद खास घनिष्ठ दोस्त मानते थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनसे दोस्ती निभाने के लिए हर वक्त तत्पर रहते थे। शिंजो आबे ने वर्ष 2006-2007 में अपने पहले कार्यकाल में हुए भारत के दौरे दौरान भारतीय संसद में अपना संबोधन भी दिया था। वह जापान के पहले ऐसे प्रधानमंत्री रहे है जो कि वर्ष 2014 में मनमोहन सिंह की सरकार में भारतीय गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने वर्ष 2015 में भारत के साथ सिविल न्यूक्लियर की डील करके दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया था, उन्होंने ही वर्ष 2015 में भारत को बुलेट ट्रेन का सपना दिखाया जो की अब धरातल पर जल्द ही पूरा होने के कगार पर है, उनके प्रयासों के चलते ही वर्ष 2015 में रक्षा उपकरण और टेक्नोलॉजी के हस्तांतरण को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण समझौते पर सहमति बनी थी। उनके कार्यकाल में ही देश में बहुत बड़े पैमाने पर जापानी निवेश हुआ था, जिसके चलते ही जापानी कंपनियां आज भी तेजी के साथ भारत में अपने यूनिट्स को लगाने का कार्य कर रही हैं। शिंजो आबे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बेहद भरोसेमंद मित्र मानते थे, जिसके चलते ही उनको भारत व भारतीयता से बेहद लगाव था, वह भारतीय संस्कृति से बेहद प्रभावित थे, इस लगाव के चलते ही शिंजो आबे अपने कार्यकाल के दौरान सबसे ज्यादा बार भारत का दौरा करने वाले जापान के प्रधानमंत्री बने गये थे। शिंजो आबे ने ही वर्ष 2007 में जापान, भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक बृहद चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता शुरू करने का कार्य किया था, जिसको शिंजो आबे ने अगस्त 2007 में भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के लंबे इतिहास पर एक नए द्विपक्षीय एशियाई गठबंधन के लिए सहमति देकर रिश्तों को मजबूती देने का कार्य किया था।

## संपादकीय

# अनैतिक राजनीति की वजह से हुई बोरिस की विदाई

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की विदाई का कारण स्वच्छन्द, भ्रष्ट एवं अनैतिक राजनीति बना। समूची दुनिया के शासनकत्ताओं को एक सन्देश है बोरिस की इस बेकद्री से बेआबरु होकर विदा होना। किस तरह कांड-दर-कांड का सिलसिला चला और जॉनसन ने 2019 के चुनावों में जो राजनीतिक प्रतिष्ठा अर्जित की थी, वह धीरे-धीरे राजनीतिक अहंकार एवं अनैतिक कृत्यों के कारण गायब होती गई। उन्हें जो व्यापक जनादेश मिला था, उसका फायदा वह नहीं उठा पाए, क्योंकि जो अनुशासन, चरित्र की प्रतिष्ठा, संयम एवं मूल्यों का सृजन उनके प्रशासन में होना चाहिए था, वह कमोबेश नदारद रहा। जिस तेजतर्रार तेवर के साथ जॉनसन ने ब्रेग्जिट अभियान को अपने हाथों में लिया था और उसके बाद 2019 के आम चुनाव में जीत हासिल की थी, उस तेवर को वह बरकरार नहीं रख पाए। इसी वजह से विगत कुछ महीनों से उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को लगातार झटके लगते आ रहे थे और नौबत यहां तक आ गई कि अनेक मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया। अपनी सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और डिप्टी चीफ व्हिप के पद पर नियुक्त किए क्रिस पिंचर पर लगे आरोपों के चलते बोरिस जॉनसन को इस्तीफा देने पर मजबूर होना पड़ा है। विपक्ष के लगातार बढ़ते दबाव और कंजरवेटिव पार्टी में उनके खिलाफ उठती आवाजों के बीच उनके वित्त मंत्री ऋषि सुनक सहित 50 मंत्रियों और सांसदों के इस्तीफे के बाद जॉनसन को अपना पद छोड़ना ही पड़ा। हाऊस ऑफ कॉमन्स में मोबाइल फोन में अश्लील वीडियो देखने को लेकर कंजरवेटिव पार्टी के एक सांसद को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा था। ब्रिटेन की सरकार पहले कोरोना महामारी के दौरान शराब पार्टी को लेकर फंसी थी और अब वह एक सैक्स स्कैंडल को लेकर फंसी है। कोरोना महामारी के दौरान पाबंदियों के बावजूद प्रधानमंत्री आवास में दारू पार्टियां की जाती रहीं, जिसमें खुद बोरिस जानसन भी शामिल होते रहे। अश्लील, भोगवादी एवं दारु पार्टियों के मदहोश में उन्मुक्त बोरिस एवं उनकी पार्टी के नेता भूल गये कि वे जिन जिम्मेदार पदों पर आसीन है, वहां बैठकर यह सब करना कितना गलत, अनैतिक एवं स्वच्छंद है। 30 जून को ब्रिटेन के समाचार पत्र द सन ने एक रिपोर्ट छापी जिसमें दावा किया गया था कि सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी के सांसद क्रिस पिंचर ने लंदन के एक प्राइवेट क्लब में दो मर्दों को आपत्तिजनक तरीके से छुआ। हाल ही के वर्षों में पिंचर के कथित यौन दुर्व्यवहार से जुड़े अनेक मामले सामने आए। यह खुलासे होने के बाद पिंचर ने सरकार के सचेतक पद से इस्तीफा देकर जांच में सहयोग का वादा किया। दुनिया की सभी शासन-कत्ताओं से वहां के नागरिक अपेक्षा करते हैं कि उनके शासक ईमानदार हो, चरित्रसम्पन्न हो, नशामुक्त हो एवं अपने पद की गरिमा को कायम रखने वाले हो। ब्रिटेन के नागरिक भी यही उम्मीद करते रहे कि सरकार एक सही, योग्य, जिम्मेदार और गम्भीर तरीके से काम करे। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था, वहां की सरकार सही ढंग से काम नहीं कर रही थी। राजनीतिक क्षेत्रों में इन बातों की चर्चा लम्बे समय से गमार्यी रही। भारतीय उद्योगपति नारायणमूर्ति के दामाद ऋषि सुनक ने बोरिस जानसन के माफी मांगने के बावजूद उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया? ऋषि सुनक ने कहा है कि जो कुछ हुआ उसके खिलाफ यह जरूरी था। ब्रिटेन में ही नहीं, हमारे भारत में भी ऐसे ही कुछ कारणों से पिछले दिनों महाराष्ट्र में ठाकरे को मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़नी पड़ी। चरित्र, नैतिकता एवं राजनीतिक मूल्यों के साथ जुड़ी जागृति ही राजनीति में सच्चाई का रंग भरती है अन्यथा आदर्श, उद्देश्य और सिद्धान्तों को भूलकर सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ने वाला और भी बहुत कुछ नीचे छोड़ जाता है, जिसके लिये मंजिल की अन्तिम सीढ़ी पर पहुंचकर अफसोस करना पड़ता है। जॉनसन के खिलाफ शिकायतों की लंबी सूची है। जब कोरोना की लहर चल रही थी, देश में लॉकडाउन लगा था, तब प्रधानमंत्री के आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टी या उत्सव का आयोजन हो रहा था, जब ब्रिटेन की जनता जिन्दगी और मौत के बीच रोशनी तलाश रही थी, तब उनके नेताओं के झुंड ऐश कर रहे थे, यौनाचार एवं नशे में डूबे थे और उनकी इन पार्टियों को पार्टीगेट स्कैंडल नाम दिया गया। आरोप लगा, तो शुरू में जॉनसन ने पार्टी के आयोजन से ही इनकार कर दिया, लेकिन बाद में उन्होंने गलती मान ली और जुमार्ना भी चुकाया। बात केवल बोरिस की नहीं है, बात दुनिया पर शासन करने वाले शीर्ष नेताओं के चरित्र की है। जिन्दगी की सोच का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह ही है कि चरित्र जितना ऊंचा और सुदृढ़ होगा, सफलताएं उतनी ही सुदृढ़ और दीर्घकालिक होगी। बिना चरित्र न जिन्दगी है, न राजनीतिक सफलताएं और न समाज के बीच गौरव से सिर उठाकर सबके साथ चलने का साहस। राजनीति में संयम एवं चरित्र की प्रतिष्ठा जरूरी है। संयम का अर्थ त्याग नहीं है। संयम का अर्थ है चरित्र की प्रतिष्ठापना। जॉनसन की कंजर्वेटिव पार्टी के लोग भी कहने लगे हैं कि जब पिंचर के खिलाफ पहले ही शिकायतें थीं तो उनको नियुक्त ही क्यों किया गया? बोरिस जॉनसन ने पिंचर की नियुक्ति को गलती बताते हुए पीड़ित लोगों से माफी भी मांगी। सरकार ने जिस तरीके से लोगों को हैंडल किया है लोग उस पर भरोसा करने को तैयार नहीं हैं। हर विवाद पर सरकार के जवाब बदलते रहे हैं। जॉनसन के आलोचक नेतृत्व बदलने के लिए मांग कर रहे हैं। ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों की उपेक्षा हुई, जबकि नैतिकता अपने आप में एक शक्ति है जो व्यक्ति की अपनी रचना होती है एवं उसी का सम्मान होता है। संसार उसी को प्रणाम करता है जो भीड़ में से अपना सिर ऊंचा उठाने की हिम्मत करता है, जो अपने अस्तित्व का भान कराता है। नैतिकता की आज जितनी कीमत है, उतनी ही सदैव रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना कोई मौलिक विचार एवं ऊच्च चरित्र है तो संसार उसके लिए रास्ता छोड़ कर एक तरफ हट जाता है और उसे आगे बढ़ने देता है।

# भावनाओं को आहत करने का खेल बुरा

कृष्ण कान्त शुक्ल

**मनुष्य** के कल्याण भाव से सत्य पर आधारित किया गया व्यवहार धर्म है। धारणाद्धर्म इत्याहुर्धर्मो धारयति प्रजाः अर्थात जिन शाश्वत सत्य नियमों को हम धारण करते हैं, उन्हें धर्म कहा गया है। धर्म से ही प्रजा की धारणा होती है। एक मनुष्य दूसरे मनुष्य के साथ ऐसा व्यवहार करे, जिससे सब का कल्याण हो, समाज के रूप में स्वाभाविक विकास क्रम चलता रहे, सहिष्णुता एवं विश्वबंधुत्व का भाव जगाना ही धर्म है। जब इससे अनैतिक व्यवहार किया जाए, किसी की भावना आहत हो और लगातार ये प्रयास चलता रहें, तो ऐसे मसलों पर सेंसरशिप लगा देना चाहिए।

हाल ही में डॉक्यूमेंट्री फिल्म ह्यकालीह्ल का पोस्टर सुर्खियों में है। जिसको लेकर तरह-तरह की बयानबाजी चल रही है। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार और दिल्ली में हिंदू देवी-देवताओं का कथित तौर पर अपमानजनक चित्रण किए जाने को लेकर धार्मिक माहौल गर्म है। 2 जुलाई को ट्विटर पर काली फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ, डाक्यूमेंट्री फिल्म के पोस्टर में काली जी को सिगरेट पीते हुए दिखाए जाने के बाद इसका विरोध किया जाने लगा। धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट पर रोक लगाने के लिए केंद सरकार को पत्र लिखा गया। जिसके बाद फिल्मकार



लीना मणिमेकलाई के उस ट्वीट को हटा दिया गया। लेकिन, काली का पोस्टर अब भी सोशल मीडिया पर घुम रहा है। ऐसा नहीं है कि यह विवाद पहली बार उठा है, पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके है। अब चिंता इस बात पर गंभीर है कि लगातार धर्म के इर्दगिर्द ही सब क्यों चल रहा है? चुनाव से लेकर अब फिल्मों में भी धर्म को ही टारगेट क्यों किया जा रहा है? क्या धर्म के सिवा अब इस देश में कोई दूसरा मुद्दा नहीं बचा ? या ऐसे मसले को जानबूझकर उछाला जाता है। वैसे हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर सबके अपने-अपने मत है और यही मतांतर कई बार विवादों को जन्म देता है। आज ऐसा लगता है कि बाकी मुद्दों से इतर इस पर बहस की सबसे अधिक जरूरत है कि आखिर क्या होती है अभिव्यक्ति की आजादी? क्या है इसकी सीमा? लीना मणिमेकलाई के पहले मुनव्वर फारूकी को भी याद कीजिए। उनसे भी पहले एमएफ हुसैन ने भी हिंदू देवी-देवताओं को ही टारगेट किया। ऐसे में सवाल यही कि धार्मिक मसलों पर भी एक ही धर्म को अक्सर मुद्दों क्यों बनाया जाता है? फिल्मों में कमाई का एक एंगल हो सकता, लेकिन हर बार इतनी सी बात हो। यह कहना उचित नहीं! अभी कुछ समय पहले ही, जम्मू कश्मीर के कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार को लेकर 'द कश्मीर फाइल्स' आयी थी। जिसको लेकर शुरू से अंत तक काफी विवाद हुआ। 12 करोड़ की लागत से बने इस फिल्म में गतिरोध के बाद भी 251 करोड़ से अधिक की कमाई हुई। कई राज्यों में इस फिल्म को टैक्स फ्री भी किया गया। इससे पहले आमिर खान की फिल्म पीके, अक्षय कुमार की फिल्म लक्ष्मी, वेब सीरीज ए सूटेबल बॉय, सलमान खान की दबंग 3, सारा अली खान की केदारनाथ, अक्षय कुमार और परेश रावल की फिल्म ओय माई गॉड धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के लिए विवादों में रही है। इसी विवाद के चलते ही इन फिल्मों में लागत से कई गुना कमाई भी हुई और फ्री की पब्लिसिटी भी। मीडिया में कई दिनों तक सुर्खियों में भी रही। इससे एक बात साफ हो गया है कि जिस फिल्म में विरोध जितना ज्यादा उसकी कमाई उससे कई गुना बढ़ रही और इस तरह के मुद्दों से जनहित के मुद्दे छिपा दिए जाते है सो अलग बात। टीवी डिबेट में मूल मुद्दे पीछे हो जाते है। अक्सर धार्मिक और जातीय के जरिए यथार्थ के मुद्दों का ध्रुवीकरण किया जाता है। पहले के सन्दर्भ पर गौर किया जाए तो जब-जब महंगाई, बेरोजगारी, मूल भूत सुविधा पर बात होती है तो ऐसे मसलें ध्यान भटकाने के लिए लाए जाते है। भारत में ही मंदिर-मस्जिद, हिन्दू-मुस्लिम,जाति-जनजातीय के मुद्दों पर ज्यादा जोर दिया जाता है। पिछले एक दो दशक में ऐसे मुद्दे पर ही फोकस रहा है। एक तरह से ये धर्म का कुप्रचार भी है और व्यवसाय भी। कभी इसकी आड़ में फिल्म को प्रचारित किया जाता है, कभी धर्म की आड़ में राजनीति समीकरण बनते है। अभी काली के पोस्टर रिलीज पर विरोध की आवाज आनी शुरू हो गयी और विवादास्पद बयान सुर्खियां बटोर रही। काली के पोस्टर से हर कोई फिल्म देखना चाहता है। अक्सर ऐसी फिल्में जब आती है तो पहले विरोध होता है, फिर मोटी कमाई का लाभ होता है। ऐसे में धार्मिक संप्रभुता, विविध संस्कृत के देश में हर राज्य की अपनी एक पहचान है और वहां की अलग अलग पूजा पद्धति है। मां काली को लेकर विवाद ठीक वैसे है जैसे एक और एक दो भी होता है और ग्यारह भी। कहने और समझने का फर्क हो सकता है। लेकिन एक और एक को तीन कह देना, तर्क संगत नहीं लगता। ठीक वैसे ही माँ काली के फिल्म पर विरोध करना और फिल्म को हीट करने का फॉमूर्ला है। धार्मिक मुद्दों को ढाल बना कर सामाजिक कुठाराघात न हो। ऐसे मसलों को अलग रख कर जनहित पर चर्चा हो। धर्म को बाजार न बनाया जाए, आज इसकी जरूरत है।

# ब्रिटेन में आएगी क्या क्रांति, भारत मूल का बनेगा प्रधानमंत्री

संजीव

**लंदन** एजेंसी के अनुसार ब्रिटिश प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास सह कार्यालय टेन डाउनिंग स्ट्रीट में बोरिस जॉनसन की मौजूदगी में हुई करोना संक्रमण काल में शराब पार्टी के मामले में ब्रिटिश प्रधानमंत्री बड़ी मुश्किल में फंस कर इस्तीफा दे दिया है ।अगले प्रधानमंत्री चुने जाते तक बोरिस जॉनसन कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहेंगे' उन्हें लापरवाही और लॉकडाउन के उल्लंघन वाले मामले में दोषी करार करते हुए विपक्षी लेबर पार्टी ने .इस्तीफे की मांग की थी । यह मामला गंभीर होकर जोर पकड़ते जा रहा था। विपक्षी लेबर पार्टी के नेता सर केर स्टारमर ने कहा की तथाकथित पार्टी गेट कांड से यह प्रदर्शित होता है कि जॉनसन बोरीस धोखेबाजी के दोषी हैं एवं देश का नेतृत्व करने में अक्षम थे। उन्होंने द टाइम की एक पत्रकार वार्ता में कहा की 10 में से 7 ब्रिटिश मतदाताओं को लगता है कि जॉनसन डाउनिंग स्ट्रीट में लॉक डाउन का उल्लंघन करने वाली एक पार्टी में शरीक होने के बाद अपनी ओर से इमानदार नहीं रहे हैं। द टाइम्स के सर्वेक्षण में यह पाया गया कि 2019 के चुनाव में कंजरवेटिव पार्टी के लिए मतदान करने वाले 70 मतदाता यह मानते हैं कि जॉनसन इस बात के लिए जवाब देंह है। किसी तरह 80% लोगों ने कहा कि वह जमवाड़ा जिसे प्रधानमंत्री ने सप्ताह की शुरूआत में संसद में कामकाज से जुड़ा एक कार्यक्रम बताया था लॉक डाउन का खुला उल्लंघन माना गया है। लेबर पार्टी के नेता ने फेबियन सोसायटी कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हम प्रधानमंत्री के झूठ फरेब को देख रहे हैं और उनकी शराब के प्रति लॉकडाउन में लगाव और खुले उल्लंघन को सरासर शासकीय नियमों की अवहेलना ही बताया है। हाउस ऑफ लॉर्ड्स और हाउस ऑफ कॉमर्स दोनों के सदस्यों द्वारा बोरिस जॉनसन का खुलकर विरोध किए जाने के फल स्वरुप ब्रिटिश प्रधानमंत्री कई दिनों से लगातार सार्वजनिक कार्यक्रमों से परहेज करने के बाद उनके नजदीकी पांच मंत्रियों के इस्तीफे के बाद उन्होंने अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी हैं। और निरंतर दूरी बनाए हुए थे। बताया जाता है कि टेन डाउनिंग स्ट्रीट में कोविड-19 के नियमों का खुला उल्लंघन करने वाली वाइन, बियर तथा अन्य तरह की शराब पार्टी में बोरिस जॉनसन के साथ कई लोग शामिल हुए थे। इसी तरह कोविड-19 बल के पूर्व प्रमुख कैट जोसेक्स ने 17 दिसंबर 2000 21 को ब्रिटिश कैबिनेट कार्यालय में विदाई कार्यक्रम में ड्रिंक्स के लिए माफी मांग कर जानसन की मुसीबत और बढ़ा दी क्योंकि उक्त समय में इंग्लैंड में कई कोविड-19 प्रतिबंध लागू किए गए थे। बोरिस जॉनसन बड़ी मुसीबत में फंस गए थे । उल्लेखनीय है की बोरिस जॉनसन खुद भी संक्रमण से पीड़ित रह चुके थे। वे 15 दिन के एकांतवास में भी रह चुके थे। फिर अपने निवास सह कार्यालय में इस तरह का आयोजन कर खुली शराब पार्टी आयोजन कर कोविड-19 के प्रोटोकॉल का उल्लंघन कैसे कर सकते थे। ऐसे में उनके प्रधानमंत्री ही कोविड-19 का प्रोटोकॉल तोड़ेंगे, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि जनता पर इसका कितना बुरा प्रभाव पड़ सकता था। इसके अलावा बोरिस जॉनसन नेतृत्व वाली पार्टी के ऋषि सुनक जो वित्त मंत्री थे उनके साथ साजिद जाविद ,जेरेमी हंट, कृष पिंजर, पोनी मेट्रोट और प्रीति पटेल के साथ सोयला ब्रैयरमैन ने इस्तीफा देकर बोरिस जॉनसन की मुसीबत बढ़ा दी थी। अब देखना यह है कि ऋषि सुनक, प्रीति पटेल तथा सोयला ब्रैयरमैन जैसे भारत मूल के पदाधिकारी में से कौन प्रधानमंत्री बनता है। यदि भारत मूल का कोई प्रधानमंत्री बनता है तो यूरोपीय इतिहास में एक नई घटना होगी। ऋषि सुनक के माता पिता यशवीर,माता उषा केन्या तथा तंजानिया में पले बढ़े हैं पर ऋषि के दादा-दादी पंजाब के रहने वाले थे। इसी तरह सूएला के मदर फादर गोवा के रहने वाले हैं जाहिर है कि प्रीति पटेल जो कि वर्तमान में ब्रिटेन के होम सेक्रेट्री हैं गुजरात की रहने वाली है ऐसे में यदि इन तीनों में से कोई ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनता है तो यह भारत के लिए मित्रता के अच्छे संकेत होंगे और भारत की ब्रिटेन मैत्री को मजबूती प्रदान होगी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन पर ब्रिटेन के आम मतदाताओं के साथ-साथ हाउस आफ लॉर्ड्स और हाउस ऑफ कॉमंस के सदस्यों का दबाव भी उनके कदाचरण वाले इस मामले को लेकर दबाव बढ़ता जा रहा था।

# हर बच्चे के लिए स्वस्थ खुशहाल हो बचपन

किशन भावनानी

वर्ष 1968 में रिलीज हुई दो कलियां फिल्म में साहिर लुधियानवी द्वारा लिखा गीत, बच्चे मन के सच्चे,सारे जग के आंख के तारे, ये वो नन्हे फूल है जो भगवान को लगते प्यारे!! सभी को, खासकर युवाओं को सुनकर रेखांकित करना जरूरी है कि बच्चों को वात्सल्य, प्यार देखभाल सहित भारत के हर बच्चे के लिए हमें स्वस्थ खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना संवेदनशील समर्थनकारी और समकालीन की कोशिश व्यवस्था स्थापित करना होगा क्योंकि बच्चे ईश्वर अल्लाह का रूप ही नहीं हमारे देश का भविष्य भी हैं इसलिए ही केंद्रीय वित्तमंत्री ने बजट 2022 में मिशन वात्सल्य को आगे बढ़ाने की बात की थी तथा अभी 5 जुलाई 2022 को महिला बाल कल्याण मंत्रालय द्वारा अपने 78 पृष्ठों का मिशन वात्सल्य का दिशानिर्देश जारी किए हैं जो एक अप्रैल 2022 से लागू रहेंगे इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से बच्चों उनके संबंधित कानूनोंअंतरराष्ट्रीय संधियों और मिशन वात्सल्य पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मिशन वात्सल्य कीकरें तो पीआईबी के अनुसार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए 2009-10 से एक केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन वात्सल्य यानें बाल संरक्षण सेवा योजना शुरू की है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना, हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक इको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो। साथियों इसके साथ ही राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को किशोर न्याय कानून 2015 के अनुरूप सुविधाएं मुहैया कराने तथा सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना था।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम फैरो आइलैंड से 2-4 से हारी

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम को नार्वे के स्ट्रोमेन में फैरो आइलैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें नियमित समय में गोल नहीं कर सकीं जिससे मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। भारत



ने शुरू में 2 कॉर्नर हासिल किए लेकिन शैलजा का क्रॉस प्रतिद्वंद्वी टीम के डिफेंस ने रोक दिया। भारतीय टीम का यूरोप का यह दौरा आगामी अंडर-17 विश्व कप की तैयारियों का हिस्सा है जिसकी मेजबानी भारत करेगा।

30 मिनट से ज्यादा का समय हो चुका था और भारत को एक फ्री किक मिली जिस पर डिफेंडर नाकेटा ने शॉट लगाया लेकिन प्रतिद्वंद्वी टीम की गोलकीपर ने आसानी से इसे लपक लिया। कुछ मिनट बाद लिंडा कोम सर्टो ने जगह बनाने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहीं। नीतू लिंडा ने रिबाउंड पर शॉट लगाया लेकिन यह सीधा गोलकीपर के पास गया। कोच थॉमस डेनेरबी ने हाफ टाइम के ब्रेक के बाद कुछ बदलाव किए। काजोल डिसूजा और रेजिया देवी ने नेहा और शैलजा की जगह ली। दोनों टीमों की ओर से प्रयास होते रहे और फिर रैफरी ने 4 मिनट का इंजुरी समय जोड़ा। फिर पेनल्टी शूटआऊट में फैरो आइलैंड ने जीत दर्ज की। इसमें नीतू लिंडा और अनीता कुमारी ने भारत के लिए गोल किए जबकि वर्षिका और काजोल डिसूजा को प्रयास विफल रहे।

## विश्व कप से पहले चांगवान में भारतीय निशानेबाजी टीम में कोविड-19 के दो मामले

**नई दिल्ली।** आगामी आईएसएसएफ विश्व कप से पहले भारतीय निशानेबाजी दल के दो अधिकारियों को कोरिया के चांगवान में पहुंचने पर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया है। ये दो अधिकारी पिस्टल टीम की सहायक कोच प्रीति शर्मा और एक फिजियोथेरेपिस्ट हैं। गुरूवार को चांगवान पहुंचने पर हुई जांच में इन्हें पॉजिटिव पाया गया जिससे भारतीय दल पर कोविड-19 का खतरा मंडरा रहा है।

10 मीटर एयर राइफल और 10 मीटर एयर पिस्टल और ट्रैप स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले निशानेबाज इस समय चांगवान में हैं और अन्य के गुरूवार देर रात वहां पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, ''दोनों अधिकारियों को भारतीय समयानुसार करीब 12 बजे गिमहाए इंटरनेशनल हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद पॉजिटिव पाया गया है। '' उन्होंने कहा, ''एनआरएआई ने सभी प्रोटोकॉल का पालन किया था और निशानेबाजों के साथ अधिकारियों के पहले दल ने पांच जुलाई को आरटी-पीसीआर जांच करायी थी जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आयी थी। '' अधिकारी ने कहा, ''ये अधिकारी इस समय पृथकवास में हैं और निशानेबाज कल फिर कोविड-19 जांच करायेंगे। '

## पूर्व भारतीय खिलाड़ी श्याम थापा को मिलेगा मोहन बागान रत्न

**कोलकाता।** भारत के पूर्व फारवर्ड फुटबॉल खिलाड़ी श्याम थापा को मोहन बागान क्लब के सर्वोच्च सम्मान मोहन बागान रत्न के लिए चुना गया। थापा को यह पुरस्कार मोहन बागान क्लब के स्थापना दिवस समारोह के दौरान 29 जुलाई को दिया जाएगा। अपनी 'बाइसिकल किक' और बैक वॉली के लिए मशहूर रहे थापा ने 1960 और 1970 के दशक में ईस्ट बंगाल के लिए शानदार प्रदर्शन किया जिसके बाद चिर प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान ने 1977 में उन्हें उस समय के रिकॉर्ड 50 हजार रुपये में अपने साथ जोड़ा। उस सत्र में टीम ने आईएफए शील्ड, रोवर्स कप और डूरंड कप के रूप में खिताबी हैट्रिक बनाई।

थापा लगातार सात सत्र में बागान की ओर से खेले और उन्हें 1982 में कप्तान बनाया गया।

थापा ने 1977 में पेले की मौजूदगी वाली न्यूयॉर्क कॉसमोस की ओर से खेलते हुए मोहन बागान की ओर से गोल दागा। यह मैच 2-2 से ड्रॉ रहा। थापा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति के अध्यक्ष थे जिससे भंग कर दिया गया और प्रशासकों की समिति ने महासंघ के संचालन की जिम्मेदारी संभाली।

# हार्दिक का ऑलराऊंड प्रदर्शन, टीम इंडिया ने 50 रन से जीता पहला टी-20

**लंदन।** टीम इंडिया ने साऊथेम्प्टन के मैदान पर इंगलैंड के खिलाफ खेला गया पहला टी-20 मैच हार्दिक पांड्या के शानदार ऑलराऊंड प्रदर्शन के कारण जीत लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी थी। रोहित ने 24 और दीपक हुड्डा ने 33 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरूआत दी। सूर्यकुमार यादव ने भी 205 की स्ट्राइक रेट के साथ 39 रनों का योगदान दिया। मध्यक्रम में हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में 51 रन बनाए जिसके चलते टीम इंडिया ने इंगलैंड को जीत के लिए 199 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में खेलने उतरी इंगलैंड की टीम भुवनेश्वर कुमार और हार्दिक पांड्या की स्विंग होती गेंदबाजी के आगे संघर्ष करती नजर आई। हार्दिक ने चार विकेट निकाले तो तो अर्शदीप सिंह और युजी चहल 2-2 विकेट लेने में सफल रहे। टीम इंडिया ने यह मुकाबला इंगलैंड को 149 रनों पर ऑल आऊट कर 50 रन से जीता।

**भारत (पहली पारी)**

**रोहित ने दी तेजतर्रार शुरूआत**

कप्तान रोहित शर्मा ने ओपनिंग पर आते ही ईशान किशन के साथ मिलकर चार्ज संभाला। उन्होंने महज 14 गेंदों में पांच बाऊंड्री के साथ 24 रन बनाए। रोहित ने रीस टॉपले और मोईन अली को 2-2 चौके लगाए। वह तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर मोईन को मारने के



चक्कर में बटलर के हाथों लपके गए। मोईन यही नहीं रुके उन्होंने ईशान किशन का भी विकेट निकाला। ईशान महज 8 रन बना पाए।

**शतकवीर दीपक हुड्डा भी बरसे**

रोहित के बाद दीपक हुड्डा ने कमान संभाली। हुड्डा ने आयरलैंड के खिलाफ मैच में शतक लगाया था। इंगलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में भी वह आक्रमक दिखे। उन्होंने सूर्यकुमार के साथ मिलकर महज 23 गेंदों में 43 रन जोड़े। दीपक को किस जॉर्डन ने आऊट किया। उन्होंने तब तक 17 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 33 रन बनाए।

**सूर्यकुमार ने बनाए 200+ स्ट्राइक रेट से रन**

टीम इंडिया के लिए सूर्यकुमार यादव के बल्ले से तेजी से रन निकले। सूर्यकुमार ने मैच में स्विप और स्लॉग शॉट लगाकर खूब रन बटोरे। उन्हें 12वें ओवर में क्रिस जॉर्डन ने विकेटकीपर बटलर के हाथों आऊट कराया। लेकिन तब तक सूर्यकुमार 19 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 39 रन बनाए। उनकी स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा की रही।

**हार्दिक पांड्या ने बनाई फिफ्टी**

आयरलैंड सीरीज के बाद हार्दिक पांड्या का बल्ला इंगलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में भी चला। उन्होंने चित परिचित अंदाज में 30 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से अपनी फिफ्टी पूरी की। हार्दिक पांड्या 51 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें 51 रन के स्कोर पर टॉपले ने हैरी ब्रुक के हाथों कैच आऊट कराया। आखिर के ओवरों में दिनेश कार्तिक ने कुछ अच्छे शॉट लगाए और टीम का स्कोर 200 के पास पहुंचाया।

**इंगलैंड (दूसरी पारी)**

**भुवनेश्वर कुमार ने बनाया रिकॉर्ड**

भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया। उन्होंने पहले ही ओवर में बटलर की विकेट निकाल ली। वह पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट निकालने वाले गेंदबाज भी हैं। ट्वंटी-20 क्रिकेट जिसमें आईपीएल भी शामिल हैं, में भी वह पावरप्ले में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

**हार्दिक पांड्या ने फिफ्टी बनाई, 4 विकेट भी लिए**

हार्दिक पांड्या के लिए यह मैच यादगार रहा। उन्होंने बल्ले के साथ 51 रन तो बनाए ही साथ में जब गेंदबाजी करने आए तो चार विकेट भी ले लिए। वह भारत के ऐसे पहले क्रिकेटर बन गए हैं जिन्होंने एक मैच में अर्धशतक लगाने के बाद चार विकेट लीं। वहीं, युजी चहल भी प्रभावित करने में सफल रहे। उन्होंने दो विकेट लिए। डैब्यू कर रहे अर्शदीप सिंह ने भी एक विकेट निकाला।

**मोईन की पारी काम न आई**

इंगलैंड ने 33 रन पर चार विकेट गंवा दिए तो हैरी ब्रूक के साथ मिलकर मोईन अली ने कुछ आकर्षक शॉट लगाए। मोईन जब 36 रन बनाकर खेल रहे थे तब युजी चहल की एक खूबसूरत गेंद पर स्टंप आऊट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में 4 चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, ब्रूक भी 23 गेंदों में 28 रन बनाकर चलते बने। आखिरी ओवरों में क्रिस जॉर्डन ने कुछ रन बनाए लेकिन यह काफी नहीं थे। आखिर इंगलैंड 148 पर ऑल आऊट हो गई।

## रोहित शर्मा ने बनाया बड़ा रिकार्ड, लगातार 13 टी20टी जीत दर्ज करने वाले पहले कप्तान बने

**साउथेम्प्टन।** भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में 50 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। इसी के साथ ही भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नाम बड़ा रिकॉर्ड जुड़ गया है। रोहित क्रिकेट इतिहास में लगातार 13 टी20 इंटरनेशनल मैच जीतने वाले पहले कप्तान बन गए हैं। विराट कोहली से कप्तानी संभालने के बाद रोहित शर्मा ने मेन इन ब्लू को न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और अब इंग्लैंड के खिलाफ जीत दिलाई।

कप्तान को बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पांचवें टेस्ट से चूकना पड़ा था क्योंकि वह कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। मैच की बात करें तो हार्दिक पांड्या के हरफनमौला प्रदर्शन ने पहली पारी में भारत का कुल स्कोर 198/8 कर दिया। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और दीपक हुड्डा ने भी क्रमशः 24, 39 और 33 रन बनाए।



इंग्लैंड की ओर से मोइन अली और क्रिस जॉर्डन ने दो-दो विकेट लिए जबकि टॉपली, टाइमल मिल्स और पार्किंसन ने एक-एक विकेट लिया। बाद में डेब्यू करने वाले अर्शदीप सिंह और स्पिनर युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिए जबकि भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल ने एक-एक विकेट लिया और इंग्लैंड को 148 पर रोक दिया। बल्लेबाजों में मोईन अली और क्रिस जॉर्डन ने क्रमशः 36 और 26* रन बनाए। दोनों टीमें शनिवार को बर्मिंघम में दूसरे टी20 मैच के लिए भिड़ेंगी।

## अर्शदीप सिंह ने डैब्यू पर पहली ही ओवर फेंकी मेडन, बनाया यूनीक रिकॉर्ड

**साउथेम्प्टन।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी-20 इंटरनेशनल की शुरूआत रिकॉर्ड बनाकर की है। इंगलैंड के खिलाफ साऊथहेम्प्टन के मैदान पर उन्हें डैब्यू का मौका मिला और उन्होंने पहला ही ओवर मेडन फेंककर यूनीक रिकॉर्ड बना दिया। टी-20 क्रिकेट की शुरूआत के बाद से हालांकि कई प्लेयरों ने पहला ओवर मेडन फेंका है लेकिन डैब्यू मैच में ऐसा बेहद कम हुआ है। अर्शदीप ने यह रिकॉर्ड बनाकर अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लिया है।

**रोहित शर्मा ने सौंपी डैब्यू कैप**

साऊथहेम्प्टन में मैच से पहले अर्शदीप सिंह को टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने कैप दी। रोहित ने टॉस के दौरान कहा कि हमारे पास अच्छी बेंच स्ट्रेंथ हैं। अब मौका उन्हें बाहर लाने और मौका देने के बारे में है। इन लोगों ने आयरलैंड में कुछ अच्छा क्रिकेट खेला है। यहां भी कुछ गेम खेले हैं। हम उसे (अर्शदीप) मौका दे रहे हैं। हमारे पास कुछ विकल्प जरूर थे। लेकिन उन्हें आगामी मैचों में समय मिलेगा। अर्शदीप ने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है, उसमें रोमांचक संभावना दिख रही है।

**आईपीएल में किया था शानदार प्रदर्शन**

अर्शदीप आईपीएल में लगातार दो सीजन से पंजाब किंग्स की ओर से बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। सबसे बेहतर इकोनमी निकालना हो या यॉर्कर गेंदों से विरोधी बल्लेबाजों को रोकना, अर्शदीप ने आईपीएल



के क्रिकेट दिग्गजों को अपने हुनर से प्रभावित किया। उन्होंने आईपीएल के नवीनतम सीजन में 14 मैच खेलकर 10 विकेट लिए थे लेकिन उनकी इकोनमी केवल 7.7 रही थी। 2021 सीजन में उन्होंने 12 मैचों में 18 विकेट लेकर सबको प्रभावित किया था।

## सानिया ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में हार के साथ विम्बलडन से विदा ली

**विम्बलडन।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में गत चैम्पियन नील कुपस्की और डेसिरे क्रॉजिक से मिली हार के साथ विम्बलडन से विदा ली। सानिया और क्रोएशिया के मेट पाविच की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को ब्रिटेन के कुपस्की और अमेरिका की डेसिरे ने 4.6, 7.5, 6.4 से हराया। 35 वर्ष की सानिया छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुकी हैं जिनमें तीन मिश्रित युगल खिताब हैं हालांकि वह विम्बलडन मिश्रित युगल कभी नहीं जीत सकी। उन्होंने 2009 ऑस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 फ्रेंच ओपन महेश



भूपति के साथ और 2014 अमरीकी ओपन ब्राजील के ब्रूनो सुआरेस के साथ जीता था। सानिया ने गुरूवार को ट्वीट किया, 'हमने जितनी चुनौती पेश की और संघर्ष किया, हमने जो भी काम किया है, वह अंत में महत्वपूर्ण था। पर इस बार विम्बलडन में ऐसा नहीं होना था, लेकिन पिछले 20 साल में यहां खेलना और जीतना सम्मान की बात है।' सानिया का यह टूर पर आखिरी साल है।

उन्होंने और पाविच ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में भी 4.2 की बढ़त बना ली थी लेकिन अगले छह में से पांच गेम हार गए। निर्णायक सेट में सानिया और पाविच ने अपने विरोधी की सर्विस तोड़ी लेकिन ज्यादा देर दबाव बनाकर नहीं रख सके। पाविच ने 12वें गेम में दो बार डबल फॉल्ट किए।

विम्बलडन में मिश्रित युगल में यह सानिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह 2011, 2013 और 2015 में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी। उन्होंने विम्बलडन में 2015 में मार्टिना हिंगिस के साथ महिला युगल खिताब जीता था। छह बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सानिया ने इस साल के शुरू में घोषणा की थी कि वह 2022 सत्र के समापन के साथ संन्यास ले लेंगी।

# एफआईएस महिला विश्व कप: न्यूजीलैड से हारा भारत, क्रॉसओवर में स्पेन से खेलेगा

**एम्सटेलवीन।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच महिला विश्व कप पूल बी के अपने अंतिम मैच में मौके गंवाने का खामियाजा न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां 3-4 की हार के साथ भुगतना पड़ा लेकिन इसके बावजूद अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहते हुए टीम क्रॉसओवर में जगह बनाने में सफल रही। न्यूजीलैंड की टीम सात अंक के साथ पूल बी में शीर्ष पर रही। इंग्लैंड की टीम ने चार अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। भारत और चीन दोनों के दो-दो अंक रहे।

भारत ने हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण क्रॉसओवर के लिए क्वालीफाई किया। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार चार पूल में शीर्ष पर रहने वाली चार टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम क्रॉसओवर खेलेंगी। क्रॉसओवर मुकाबलों की विजेता टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। भारत का सामना



पूल सी में दूसरे स्थान पर रही सह मेजबान स्पेन से रविवार को होगा। सह मेजबान नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, अर्जेंटीना और आस्ट्रेलिया पूल में शीर्ष पर रहकर क्वार्टर फाइनल में सीधे पहुंच गए हैं। भारत ने अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ मौके नहीं गंवाए होते तो टीम जीत दर्ज कर सकती थी। भारतीय टीम 15 पेनल्टी कॉर्नर में से सिर्फ एक पर ही गोल कर सकी। भारत अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए रविवार को स्पेन के टेरेसा में होने वाले क्रॉसओवर में पूल सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगा। भारत के लिए गुरुवार को वंदना कटारिया (चौथे मिनट), लालरेमसियामी (44वें मिनट) और गुरजीत कौर (59वें मिनट) ने गोल दागे जबकि न्यूजीलैंड की ओर से ओलीविया मैरी (12वें और 54वें मिनट) ने दो जबकि टेसा योप (29वें मिनट) और फ्रांसिस डेविस (32वें मिनट) ने एक-एक गोल किया।

भारत की शुरूआत अच्छी रही और गेंद पर नियंत्रण भी खिलाड़ियों ने बनाए रखा। चौथे मिनट में लालरेम्सियामी के पुश पर वंदना ने डाइव लगाकर गोल करके भारत को बढत दिला दी। दसवें मिनट में शर्मिला देवी के पास बढत दुगुनी करने का मौका था लेकिन वह चूक गई हालांकि भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाने में कामयाब रही। गुरजीत की दमदार फ्लिक को न्यूजीलैंड की गोलकीपर ब्रूक रॉबटर्स ने बचा लिया। न्यूजीलेंड को 12वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे ओलिविया मेरी ने गोल में बदला।

दूसरे क्वार्टर के तीन मिनट बाद लालरेम्सियामी के शॉट को कीवी गोलकीपर ने बचा लिया। वहीं पेनल्टी कॉर्नर पर दीप ग्रेस इक्का का शॉट बाहर चला गया। हाफ टाइम से एक मिनट पहले भारत को डिफेंस में ढिलाई का खामियाजा भुगतना पड़ा और न्यूजीलैंड के लिये योप ने गोल कर दिया। दूसरे हाफ में न्यूजीलैंड ने आक्रामक शुरूआत की और लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर बनाये जिनमें से एक को डेविस ने गोल में बदला ।

लालरेम्सियामी ने भारत के लिये 44वें मिनट में गोल किया। आखिरी क्वार्टर में भारत को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। न्यूजीलैंड के लिये इस बीच मैरी ने एक और गोल करके बढ़त दुगुनी कर दी। गुरजीत ने आखिरी सीटी बजने से एक मिनट पहले भारत के 13वें पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर अंतर कम किया। भारत को आखिरी मिनट में भी दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जो बेकार गए।

## विंडीज टी-20 सीरीज से विराट कोहली ने मांगा 'विश्राम', इस धाकड़ प्लेयर की होगी वापसी

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी 5 मैचों की टी-20 सीरीज से 'विश्राम' मांगा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने इस जानकारी को साझा करते हुए बताया कि इस श्रृंखला के लिए 11 जुलाई को टीम की घोषणा हो सकती है। भारतीय टीम 11 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की श्रृंखला का आखिरी टी-20 मैच खेलेगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि कोहली, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और कप्तान रोहित शर्मा को एकदिवसीय श्रृंखला से आराम देना टीम प्रबंधन का फैसला था। पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला 29 जुलाई से त्रिनिदाद के तरौबा में शुरू होगी और उसके बाद एक और दो अगस्त को सेंट किट्स में मैच खेले जाएंगे। श्रृंखला छह और सात अगस्त को फ्लोरिडा में लगातार दो



मैचों के साथ संपन्न होगी। सूत्र ने कहा कि टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला अन्य सभी खिलाड़ी खेल रहे होंगे। कोहली ने खुद विश्राम मांगा है। उन्होंने सूचित किया है कि वह वेस्टइंडीज दौरे के बाद सभी श्रृंखलाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। समझा जाता है कि सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को इस श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि टी20 विश्व कप के लिए अश्विन टीम प्रबंधन की योजना का हिस्सा है और वह वेस्टइंडीज में टी 20 श्रृंखला खेलेंगे। हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर अभी खेलने के लिए फिट नहीं है और जब तक वह फिट होंगे तब काऊंटी चैंपियनशिप में लंकाशायर के लिए खेलेंगे। वेस्टइंडीज दौरे के बाद भारत को एशिया कप (27 अगस्त) में खेलना है जो टी 20 प्रारूप में खेला जाएगा। इन दोनों के बीच भारतीय टीम को जिम्बाब्वे दौरे पर संक्षिप्त टी20 श्रृंखला में भाग लेना है। चोटिल लोकेश राहुल अगर फिट हुए तो इस दौरे पर वह टीम की अगुवाई करेंगे। इस दौरे पर भी युवा खिलाडियों की टीम जाएगी।

# राष्ट्रमंडल खेल 2022 के लिए भारतीय दल रवाना, 215 सदस्यीय दल में 107 महिला एथलीट्स

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलिम्पिक संघ (आईओए) ने बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) 2022 के लिए भारतीय दल को रवाना किया। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एथलीट्स की रवानगी मौके कहा कि इस बार यह खेलें खास है क्योंकि इसमें कुल 215 सदस्यों में 108 पुरुष और 107 महिला एथलीट्स हैं। महिलाएं लगातार अच्छा कर रही हैं। मौके पर टोक्यो 2020 ओलिम्पिक पदक विजेता रवि दहिया, बजरंग पुनिया, पीआर श्रीजेश, हॉकी टीम कप्तान मनप्रीत सिंह और लवलीना बोरगोहेन भी मौजूद रहीं। समारोह में कामनवेल्थ सदस्यों के लिए आधिकारिक किट का अनावरण भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा- भारतीय खेल विश्व स्तर पर ऊंचाइयां छू रहा है। हमने ऐतिहासिक थॉमस कप भी जीता। और अब नजरें भारतीय राष्ट्रमंडल टीम पर हैं जोकि निश्चित रूप से हमारी अब तक की सबसे अच्छी और मजबूत टीम है। मुझे विश्वास है कि हमारे सभी एथलीट भारत के लिए पदक जीतेंगे। सभी को शुभकामनाएं। आईओए के महासचिव राजीव मेहता ने कहा- हम टीम के मजबूत प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं। स्वर्ण विजेताओं को 20 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा जबकि रजत विजेताओं के लिए 10 लाख रुपए निर्धारित किए गए हैं। कांस्य पदक विजेताओं को साढ़े 7 लाख रुपए दिए जाएंगे।

4 साल पहले ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने 26 स्वर्ण सहित 66 पदक जीते थे। भारत ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बाद तीसरे स्थान पर हा था। 26 में से 25 स्वर्ण बैडमिंटन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, टेबल टेनिस, भारोत्तोलन और कुश्ती में मिले थे।

## नेपाल में आरोप से घिरे वित्त मंत्री के इस्तीफे से सत्ताधारी गठबंधन की छवि पर दाग

**काठमांडू।** टैक्स दर तय करने में गड़बड़ी के आरोपों से घिरे नेपाल के वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा के इस्तीफे को सत्ताधारी गठबंधन के लिए एक तगड़ा झटका माना जा रहा है। ये घटना उस समय हुई है, जब नेपाल की तमाम राजनीतिक पार्टियां अगले आम चुनाव के समीकरण बैठाने की कोशिश में जुटी हुई हैं। शर्मा का संबंध कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) से है, लेकिन उनके इस्तीफे को प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के लिए भी झटका माना जा रहा है। शर्मा पर आरोप है कि इस वर्ष मई में अगले वित्त साल का बजट पेश करने से पहले टैक्स दरों में बदलाव के लिए उन्होंने दो अनधिकृत व्यक्तियों की मदद ली। इस तरह उन्होंने वित्तीय अनुशासन को भंग किया। कई विशेषज्ञों ने इसे 'वित्तीय अपराध' बताया है। शर्मा ने अपने इस्तीफे का एलान संसद में किया। उन्होंने खुद पर लगे आरोपों का खंडन किया, लेकिन कहा कि वे इस्तीफा दे रहे हैं, ताकि जांच प्रक्रिया निर्बाध ढंग से आगे बढ़ सके। पर्यवेक्षकों के मुताबिक, शर्मा इसके अलावा भी कई विवादों में फंसे हुए थे। ताजा मामले में शर्मा पर लगे आरोपों की जांच के लिए एक संसदीय समिति बनाने का प्रस्ताव बुधवार को संसद में रखा गया। इस प्रस्ताव को संसद ने मंजूरी दे दी। तुरंत इस समिति का गठन कर दिया गया। इसमें मुख्य विपक्षी दल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के चार सांसदों को भी शामिल किया गया है, जबकि इसमें नेपाली कांग्रेस और माओइस्ट सेंटर के दो-दो, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड सोशलिस्ट), जनता समाजवादी पार्टी और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के एक-एक सदस्य को रखा गया है। यूएमएल ने इस प्रकरण को बड़ा मुद्दा बना दिया है। इसके जरिए वह पूरे सत्ताधारी गठबंधन को घेर रही है। बुधवार को जब शर्मा ने संसद को संबोधित किया, तो यूएमएल के सदस्य सदन से उठ कर चले गए। यूएमएल यह बात सामने आने के बाद से ही वित्त मंत्री का इस्तीफा मांग रही थी कि उन्होंने टैक्स दरों में बदलाव में दो अनधिकृत व्यक्तियों की मदद ली।



## चीन एक तरफा प्रतिबंध और ताइवान पर दोहरे मापदंडों का विरोध करता है: वांग ने जयशंकर से कहा

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के साथ बाली में मुलाकात के दौरान कहा कि चीन यूक्रेन संकट के बहाने से अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा उनके देश एवं रूस पर एक तरफा प्रतिबंध लगाने और ताइवान के मुद्दे पर 'दोहरे मापदंड' अपनाने का विरोध करता है। चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, इंडोनेशिया के बाली में जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर जयशंकर के साथ करीब एक घंटे तक चली मुलाकात के दौरान वांग ने यूक्रेन की मौजूदा स्थिति पर चीन की चिंता सामने रखी।

उन्होंने कहा कि चीन उन दोहरे मापदंडों का विरोध करता है जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करते हैं। ज़ाहिर तौर पर अमेरिका, यूरोपीय संघ और पश्चिमी देशों के संदर्भ में वांग ने कहा कि कुछ देश यूक्रेन मुद्दे पर संप्रभुता के सिद्धांत पर ज़ोर देते हैं, लेकिन ताइवान के मुद्दे पर चीन की संप्रभुता और एक-चीन सिद्धांत को चुनौती देते रहते हैं और यहां तक कि जानबूझकर ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव पैदा करते हैं, जो ÷स्पष्ट रूप से दोहरा मापदंड' है। चीन स्वशासित ताइवान को मुख्य भूमि का हिस्सा बताता है और उसका उसे अपने में मिलाने का सकंल्प है। सरकारी समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक, वांग ने कहा कि चीन यूक्रेन संकट को ताइवान के साथ तुलना की किसी भी कोशिश को खारिज करता है और चीन अपने मूल हितों का दृढता से बचाव करेगा। नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में यूक्रेन का कोई ज़िक्र नहीं है।

## चीन: बारात में कार के पलटने से 5 लोगों की मौत , 6 घायल

**बीजिंग:** चीनी प्रांत शांक्सी में एक बारात में एक कार के टकरा जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार नौ बजे चीन के मध्य भाग में स्थित शांक्सी प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में हुई। सीसीटीवी ने बताया कि एक एसयूवी वाहन बारात में जा टकराई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना के कारणों की आगे की जांच की जा रही है।




# जापान के पूर्व पीएम आबे की गोली मारकर हत्या: इलेक्शन कैंपेन के दौरान पूर्व सैनिक ने पीछे से गोली मारी थी

**नाराः** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या कर दी गई है। उन पर शुक्रवार सुबह नारा शहर में फायरिंग की गई थी। एक इलेक्शन कैंपेन के दौरान उन्हें दो गोली मारी गईं। नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में आबे का इलाज चल रहा था भारतीय समयानुसार सुबह 8 बजे (जापान के समय के मुताबिक सुबह 11.30) भाषण के दौरान आबे पर सभा में मौजूद एक हमलावर ने पीछे से गोलियां चलाईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। 6 घंटे बाद उन्होंने आखिरी सांस ली। हमलावर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका नाम यामागामी तेत्सुया है। बताया जा रहा है कि 42 साल का यामागामी आबे की नीतियों से





नाखुश था।

आबे पर फायरिंग उस वक्त की गई, जब वे चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान फायरिंग की आवाज आई और आबे गिर पड़े। शुरुआती रिपोर्ट्स में कहा गया कि किसी ने उन्हें सीने पर गोली मारी है।बाद में ये साफ हुआ कि उन पर पीछे से फायरिंग हुई।

**हमलावर को गिरफ्तार किया गया**– हमलावर यामागामी तेत्सुया को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से गन बरामद हुई है। ये किसी टीवी कैमरे की तरह नजर आती है। जापानी मीडिया के मुताबिक, हमलावर ने हैंडमेड गन का इस्तेमाल किया। वो मेरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स का मेंबर था।

**दिल का दौरा भी पड़ा**

जापानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोली लगने के बाद शिंजो को दिल का दौरा भी पड़ा। हालांकि, अभी इसके बारे में आधिकारिक बयान नहीं आया है। चश्मदीदों के मुताबिक, मौके पर गोली चलने की आवाज सुनाई दी और आबे के शरीर से खून बहता दिखा।

## जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या मामले में पूर्व अमेरिकी पुलिस अधिकारी डेरेक को 21 साल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के दोषी पूर्व अमेरिकी पुलिस अधिकारी डेरेक चाउविन को अमेरिकी अदालत ने 21 साल की जेल की सजा सुनाई। बता दें कि चाउविन ने जॉर्ज फ्लॉयड (46) नाम के अश्वेत युवक की गर्दन अपने घुटने से 9 मिनट 29 सेकंड तक दबाकर उसे मार डाला था। जिसके कारण अमेरिका और अन्य जगहों पर पुलिस की बर्बरता और नस्लवाद के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए। इसके बाद अमेरिकी सरकार ने न्यायिक जांच बैठाई थी। जिसमें आरोपी डेरेक चाउविन का गिरफ्तार किया था। चाउविन को दिसंबर में संघीय आरोपों के लिए दोषी ठहराया था और यह पहले से ही पिछले साल राज्य की अदालत में एक मुकदमे के बाद फ्लॉयड की हत्या के लिए मिनेसोटा जेल में 22 साल की सजा काट रहा है। यह सजा एक साथ चलेगी और चाउविन को संघीय जेल में ले जाया जाएगा।

**क्या हुआ था जॉर्ज के साथ-** आरोप पत्र में वायरल



वीडियो के हवाले से कहा गया है कि घटना वाले दिन जॉर्ज फ्लॉयड को हिरासत में लेते वक्त क्या कुछ हुआ था। आरोप है कि घटना के दौरान चाउविन ने फ्लॉयड की गर्दन पर अपना घुटना रखा था। लेन ने पैर पकड़ रखे थे और कुएंग ने फ्लॉयड की पीठ पकड़कर दबोचा हुआ था। जबकि थाओ वहां मौजूद तमाशबीनों और इन पुलिस अधिकारियों के बीच खड़ा होकर यह सब देख रहा था।

आरोप पत्र में घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा गया है कि यही वो आखिरी पल थे जब फ्लॉयड ने बार-बार रोते हुए कहा कि मैं सांस नहीं ले पा रहा हूं, मामा और प्लीज। वह एक बार कहता है कि मैं मरने वाला हूं। इस दौरान चाउविन, लेन और कुएंग एक बार भी टस से मस नहीं होते हैं।

इसके क्षण भर बाद लेन पूछता है- क्या हमें उसे अपनी तरफ घुमाना चाहिए? तब चाउविन जवाब देता हैः नहीं, हमने उसे जहां रखा है, वहीं रखना है। लेन ने कहा कि वह चिंतित था कि फ्लॉयड इस दौरान कष्टप्रद स्थिति में रहेगा, यह स्थिति उसे उद्वेलित करने, आक्रामक बनाने वाली या फिर उसकी अचानक मौत का कारण बन सकती है।

**चाउविन ने जवाब दिया :** इसलिए हम उसे पेट के बल लिटाकर रखे हुए हैं। आरोप पत्र में कहा गया है कि इस स्थिति का भान होने के बावजूद लेन ने कुछ नहीं किया। यहां तक कि वह, कुएंग और चाउविन जरा भी नहीं हिले।

## पहली बार मिले एफबीआई और एमआई-5 के प्रमुख, चेताया- पश्चिम के लिए सबसे बड़ा खतरा है चीन

**लंदन।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई और ब्रिटेन की एमआई-5 ने चेतावनी दी है कि पश्चिमी देशों के लिए चीन लंबे समय से सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा चीन हमारी गोपनीय चीजों को लूटने की योजना बना रहा है और तकनीक चोरी करना चाहता है। दोनों ने चेताया कि चीन दीर्घावधि में अमेरिकी राष्ट्रीय व आर्थिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा है। एमआई-5 के लंदन स्थित मुख्यालय थॉमस हाउस में पहली बार एफबीआई के खुफिया प्रमुख क्रिस्टोफर रे और ब्रिटिश खुफिया एजेंसी के निदेशक केन मैक्कलम एक साथ सार्वजनिक रूप से दिखाई दिए। दोनों खुफिया प्रमुखों ने पहली बार दुनिया को चीन के प्रति बढ़ते खतरे के प्रति आगाह किया। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व




को अपने पक्ष में करने के लिए चीन दमन का सहारा ले रहा है।

मैक्कलम ने कहा, उनके जासूस 2018 के मुकाबले चीन में 7 गुना ज्यादा जांच कर रहे हैं। वहीं क्रिस्टोफर रे ने कहा कि हालात इतने खराब हैं कि वह हर 24 घंटे में चीन से जुड़े एक मामले की जांच शुरू कर रहे हैं। मैक्कलम ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की चुनौती को 'गेम-चेंजिंग' बताया जबकि रे ने इस चुनौती को बहुत बड़ा और असाधारण बताया है।

**पहली बार लंदन में मिले एफबीआई और एमआई-5 के खुफिया प्रमुख**

**दोनों ने कहा, गोपनीय चीजें लूटना व तकनीक चुराना चाहता है चीन**

**व्यापार और हैकिंग की भी जासूसी**

एफबीआई प्रमुख क्रिस्टोफर रे ने कहा, पश्चिमी व्यापार को चीन से जितना बड़ा खतरा है उसका यहां कारोबार से जुड़ी अहम हस्तियों को अहसास तक नहीं है। चीन ने साइबर जासूस तैनात किए हैं जो कई धोखाधड़ी में शामिल हैं और बड़े देशों में हैकिंग प्रोग्राम पर काम भी कर रहे हैं। एमआई-5 के प्रमुख केन मैक्कलम ने कहा, साइबर खतरों से जुड़ी सूचनाएं 37 देशों से साझा की जा रही है। मई में अंतरिक्ष में एक बड़ा खतरा बाधित हुआ था। चीन कई तरह की तकनीक जासूसी भी कर रहा है। यह बड़ा खतरा है।

**विश्व पर गुपचुप ढंग से दबाव बना रही कम्युनिस्ट पार्टी**

एफबीआई प्रमुख ने कहा, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी गुपचुप तरीके से पूरे विश्व में दबाव बना रही है। हमें कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चीन यूक्रेन पर रूसी हमले से सबक लेकर ताइवान पर जबरन कब्जे की कोशिश भी कर सकता है। चीन के पास जासूसों का बड़ा नेटवर्क है और उसका हैकिंग प्रोग्राम दुनिया के सभी देशों में चलाए जा रहे प्रोग्राम से ज्यादा बड़ा है। रे ने बिजनस लीडर्स से अपील की कि वे एफबीआई और एमआई5 के साथ गठजोड़ करें ताकि उन्हें इस खतरे के बारे में सही सूचना मिल सके।

## रूस ने दोनेस्क-खारकीव पर दागीं लंबी दूरी की मिसाइलें, 12 मरे, रॉकेट सिस्टम और डिपो नष्ट

**कीव/मॉस्कोः** रूस-यूक्रेन युद्ध के 134वें दिन रूसी सेना ने खारकीव शहर पर लंबी दूरी की गोलाबारी तेज कर दी है। उधर यूक्रेन में विद्रोहियों के दावे वाले प्रांत दोनेस्क में पिछले 24 घंटे से जारी गोलाबारी के कारण 8 लोग मारे गए जबकि 25 अन्य घायल हो गए हैं। दूसरी तरफ, रूस समर्थक अलगाववादियों ने कहा कि यूक्रेनी सेना के हमले में उनके चार नागरिक भी मारे गए हैं। खारकीव में रूसी सेना बहुत तेजी से प्रहार कर रही है। यहां से यूक्रेनी सैनिकों ने युद्ध के शुरुआती चरण में मॉस्को के बख्तरबंद बलों को पीछे धकेल दिया था। माना जा रहा है कि रूसी सैनिक आगामी सप्ताहों में दोनेस्क के क्रामातोर्स्क शहर पर कब्जा कर सकते हैं। पिछले कुछ दिनों में शहर से अधिकांश नागरिक बाहर आ गए हैं। उधर, रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने दो अमेरिका निर्मित उन्नत रॉकेट सिस्टम और दोनेस्क में उनके गोला-बारूद का डिपो नष्ट कर दिया है। हालांकि यूक्रेन ने इससे इनकार किया है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने एक रिपोर्ट में कहा, यूक्रेन पर रूसी हमले के



बाद खाद्य पदार्थों और ऊर्जा की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण दुनिया में 7.1 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे चले गए हैं। यूएनडीपी का अनुमान है कि युद्ध शुरू होने के बाद पहले तीन महीनों में 5.16 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गए और वे प्रति दिन 1.90 डॉलर या उससे भी कम पैसे में जीवन यापन कर रहे हैं। इसके साथ ही विश्व की कुल आबादी का करीब नौ फीसदी हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे हो गया। करीब दो करोड़ लोग रोजाना 3.20 डॉलर से कम पैसे में जीवन गुजार रहे हैं।

**रूस पर लगे प्रतिबंधों का भी बुरा असर-** पश्चिमी देशों द्वारा रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाए जाने से ईंधन और मुख्य खाद्य पदार्थों जैसे गेहूं, चीनी और खाना पकाने के काम आने वाले तेल की कीमतें बढ़ गईं हैं। यूक्रेनी बंदरगाहों के अवरुद्ध होने और कम आय वाले देशों को अनाज निर्यात नहीं कर पाने के कारण कीमतों में और वृद्धि हुई। यूएनडीपी प्रशासक अचिम स्टीनर ने कहा कि जीवन यापन के खर्च पर पड़ने वाला प्रभाव काफी गंभीर है और हाल के समय में ऐसी स्थिति नहीं देखी गई।

# अमेरिका में अश्वेत हत्याकांड में पूर्व पुलिस अफसर को 20 साल जेल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के बहुचर्चित अश्वेत जार्ज फ्लायड हत्याकांड में मिनियापोलिस के पूर्व पुलिस अधिकारी डेरेक चाउविन को संघीय आरोपों में 20 साल से अधिक कारावास की सजा सुनाई गई है। चाउविन को निचली अदालत पहले ही साढ़े 22 साल जेल की सजा सुना चुकी है।

संघीय अदालत ने चाउविन को 15 दिसंबर, 2021 को दो अलग-अलग मौकों पर एक संघीय आपराधिक नागरिक अधिकार कानून का उल्लंघन करने के लिए दोषी ठहराया था। उल्लेखनीय है कि इस हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन हुए थे।

अभियोजन पक्ष 25 साल और बचाव पक्ष 20 साल की सजा की मांग कर रहा था।

न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के सहायक अटार्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा- 'निश्चित रूप से जार्ज फ्लायड को आज जीवित होना चाहिए। अमेरिकी अटार्नी एंड्रयू एम लुगर ने कहा- 'डेरेक चाउविन ने जीवन की पवित्रता को बनाए रखने के लिए अपनी शपथ को त्याग दिया। उन्होंने जार्ज फ्लायड की जान ली। 46 साल के अश्वेत नागरिक जार्ज फ्लायड अमेरिकी समुदाय के थे। वह नार्थ कैरोलिना में पैदा हुए थे और टेक्सास के ह्यूस्टन में रहते थे।

**अखंड भारत संदेश**

**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**

**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**

**Title UPHIN 29506**

**ऑफिस मो.:**
**9565333000**

**Email:-**
**akhandbharatsandesh1@gmail.com**

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# यूरोपीय देशों में ओमीक्रोन के नए म्यूटेंट से लौट सकती है कोरोना महामारी

**द हेग।** वैश्विक महामारी कोरोना से दुनिया पूरी तरह से उबर भी नहीं पाई है कि यूरोपीय देशों में एक बार फिर से ओमीक्रोन के नए म्यूटेंट से कोरोना की नई लहर आने की आशंका जताई जा रही है। यह दावा यूरोपीय संघ की औषधि एजेंसी के एक अधिकारी ने किया है।

यूरोपीय संघ की औषधि एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि क्षेत्र के कई देशों में कोविड-19 की नई लहर आ रही है और इसकी वजह कोरोना वायरस के ह्यओमीक्रोनह्न स्वरूप के अति-संक्रामक उत्परिवर्तन (म्यूटेंट) हैं। यूरोपीय औषधि एजेंसी (ईएमए) के मार्को कैवेलरी ने बताया कि ह्यओमीक्रोनह्न स्वरूप में परिवर्तन होकर बीए.4 और बीए.5 प्रकार बने हैं और ये जुलाई के अंत तक समूचे महाद्वीप में सभी अन्य प्रकारों को खत्म कर उनकी जगह ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस बात के सबूत नहीं है कि वायरस के ये प्रकार पिछले स्वरूपों की तुलना में लोगों को ज्यादा बीमार करेंगे लेकिन अधिक उम्र के लोगों में इसका ज्यादा संचरण गंभीर बीमारी में तब्दील होने लगा है। ईएमए ने अप्रैल में 80 साल और इससे ज्यादा उम्र के लोगों को सलाह दी थी कि वे कोरोना रोधी टीके की दूसरी बूस्टर खुराक लगवा लें।

कैवेलरी ने कहा कि अब उन लोगों को दूसरी बूस्टर खुराक लगवाने की सलाह दी जा रही है जो 60-79 साल के हैं या चिकित्सकीय तौर पर संवेदनशील हैं, भले ही उनकी उम्र कुछ भी हो। उन्होंने कहा, ह्ययूरोपीय संघ में नई लहर सामने आ रही है और यह जरूरी है कि संवेदनशील समूहों का बचाव किया जाए और टीकाकरण कराने में टालमटोल से बचा जाए।

कोरोना दुनियाभर में 63 लाख लोगों की अब तक जान ले चुका है।

## यूएन बोला- श्रीलंका में 60 लाख से ज्यादा लोग खाद्य असुरक्षा के दायरे में, 10 में तीन घर भोजन के लिए जूझ रहे

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र के वेश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने आर्थिक संकट में घिरे श्रीलंका में खाद्य सुरक्षा हालात पर नया विश्लेषण पेश किया है। इसके मुताबिक देश में र 10 में से तीन घर-परिवार अपने लिए भोजन का प्रबंध तक नहीं कर पा रहे हैं। इस तरह 60 लाख से ज्यादा श्रीलंकाई इस बात से अनिश्चित हैं कि उन्हें अगला भोजन मिलेगा भी या नहीं।

आंकड़ों की मानें तो खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति, आसमान छूती ईंधन की कीमतें और बड़े पैमाने पर वस्तुओं की कमी को देखते हुए लगभग 61 प्रतिशत परिवार नियमित रूप से लागत में कटौती करने का सामना कर रहे हैं। उन्होंने या तो भोजन की मात्रा कम करना शुरू कर दिया है अथवा ताजी कम पौष्टिक भोजन का सेवन कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की खाद्य राहत एजेंसी का अनुमान है कि संगट गहराने पर और लोग भी ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए



इन रणनीतियों को अपना सकते हैं। एक महिला ने बताया कि इन दिनों हमारे पास पर्याप्त भोजन नहीं होने के कारण हम सिर्फ चावल और ग्रेवी ही खा रहे हैं।

**राजपक्षे ने पुतिन से मांगी तेल की मदद**

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे ने कहा है कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से आर्थिक संकट में फंसे अपने देश में तेल आयात के लिए मदद मांगी है। राजपक्षे ने इस चर्चा को काफी सकारात्मक बताया। उन्हें रूस से उधार पर सस्ता तेल मिलने की उम्मीद है। इस बीच, श्रीलंका में लोगों ने बड़ी संख्या में राजधानी कोलंबो की सड़कों पर आकर विरोध दर्ज कराना जारी रखा है।

**पासपोर्ट के लिए दो दिन से कतार में लगी महिला ने बेटी को दिया जन्म**

श्रीलंका में एक महिला, जो विदेशों में रोजगार के लिए अपना देश छोड़ने के लिए पासपोर्ट हासिल करने के लिए दो दिनों से कतार में थी, उसे अपनी बारी का इंतजार करते हुए प्रसव पीड़ा हुई और उसने एक बेटी को वहीं जन्म दे दिया। अधिकारियों और सेना के लोगों ने जब उसे प्रसव पीड़ा में देखा तो कैसल अस्लताल पहुंचाया, जहां उसने बच्चे को जन्म दिया।

## भारत को सीएटीएसए प्रतिबंधों से छूट दिलाने के लिए अमेरिकी सांसद ने पेश किया विधेयक

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की खरीद को लेकर भारत को दंडात्मक सीएटीएसए प्रतिबंधों से छूट दिलाने के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में एक संशोधन विधेयक पेश किया है। उन्होंने दलील दी है कि इससे अमेरिका और भारत के बीच रक्षा संबंध मजबूत होंगे। वर्ष 2017 में लाए गए 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सेंक्शंस एक्ट' (सीएटीएसए) में रूस से रक्षा और खुफिया लेनदेन करने वाले किसी भी देश के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

अक्टूबर 2018 में, भारत ने तत्कालीन ट्रंप प्रशासन की चेतावनी के बावजूद एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की पांच ईकाइयों को खरीदने के लिए रूस के साथ पांच अरब अमेरिकी डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। ट्रंप प्रशासन ने चेतावनी दी थी कि अनुबंध पर आगे बढ़ने पर भारत पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। कैलिफॉर्निया से डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद खन्ना द्वारा पेश किए गए विधेयक में कहा गया है, 'एक ओर भारत को रूस-निर्मित अपनी भारी हथियार प्रणालियों को बनाए रखने की तत्काल आवश्यकता है।